Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 102 जयपुर, मंगलवार, 17 सितम्बर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ₹1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8x10 cm
संजीवनी टुडे

पीएम मोदी अहमदाबाद में बोले- मेरा मजाक उड़ाया गया

मैं सरदार की भूमि में पैदा हुआ बेटा, चुपचाप देशहित में नीति बनाने में लगा रहा

■ संजीवनी टुडे

अहमदाबाद। गुजरात दौरे के दूसरे दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गुजरात आया हूं। आप लोगों ने हर वक्त मुझ पर प्यार लुटाया है। जब बेटा अपने घर आकर आशीर्वाद लेता है तो ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। उत्साह और जोश और बढ़ जाता है। पीएम ने ये भी कहा कि कई लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, लेकिन मैं सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि में पैदा हुआ बेटा हूं। चुप रहकर देश हित में नीति बनाने में लगा रहा। प्रधानमंत्री ने यहां 8000 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही 30 मेगावॉट के सोलर सिस्टम का भी उद्घाटन किया। मेरे देशवासी ही मेरे आराध्य हैं। मैंने अपने आराध्य के लिए अपने आपको खपा देने का निर्णय किया है। जिऊंगा तो आपके लिए, जी-जान से खपता रहूंगा तो आपके लिए। करोड़ों देशवासियों के आशीर्वाद के साथ मैं नई ऊर्जा और उत्साह के साथ जी रहा हूं। पीएम मोदी ने अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मेट्रो से ही गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी पहुंचे। यह मेट्रो अहमदाबाद के एपीएमसी से गांधीनगर के सेक्टर-1 तक 33 किमी की दूरी तय करेगी।

लोगों ने तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया

इतनी बड़ी तादाद में आप मुझे आशीर्वाद देने आए, मेरा सौभाग्य है। मुझे आपकी अपेक्षाओं का भी एहसास है। आप चाहते थे कि तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैं जल्द से जल्द आपके बीच आऊं। देश की जनता ने एक नया इतिहास रचा है। एक सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है। लोग मोदी के बारे में भांति-भांति की बातें करते रहे। मैंने भी सोच लिया था कि जितना मजाक उड़ाना है उड़ा लो, मैं एक शब्द भी नहीं बोलूंगा। हर अपमान को सहते हुए मैं देश के लोगों के कल्याण के लिए नीति बनाने और निर्णय लेने में जुटा रहा। इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कई परियोजनाओं का काम शुरू हो गया है। चुनाव के दौरान मैंने 3 करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी। उसका काम भी शुरू हो गया है। इस सफर को पूरा करने में मेट्रो 65 मिनट का समय लेगी और किराया भी सिर्फ 35 रुपए होगा। वहीं, टैक्सी में अभी 80 मिनट से ज्यादा का समय लग जाता है और 400 रुपए से भी ज्यादा किराया देना पड़ता है।

अगले 25 वर्षों में देश को विकसित करना है

आज से अहमदाबाद-भुज के बीच नमो भारत रैपिड रेल शुरू हो गई है। इस ट्रेन से मध्यम वर्ग के लोगों को फायदा मिलेगा। नमो भारत रैपिड रेल आने वाले समय में देश के कई शहरों को जोड़ने जा रही है। देश में 15 से ज्यादा रूटों पर नई नमो भारत रैपिड रेल शुरू होने वाली है। आज देश में 125 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें लोगों की सेवा कर रही हैं। यह भारत का स्वर्णिम काल है। अगले 25 वर्षों में हमें देश को विकसित बनाना है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अहमदाबाद से गांधीनगर तक रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों और स्टूडेंट्स को होगा। गांधीनगर के वावोल इलाके में 100 अपार्टमेंट और 25 बंगले हैं। पीएम सूर्य घर योजना से यहां के 89 परिवार लाभान्वित हुए हैं। वहीं, यहां की शालिन-2 सोसाइटी में कुल 65 बंगले हैं, जिनमें से 22 घरों में सोलर पैनल लगे हैं। प्रधानमंत्री सोसाइटी में पहुंचे और यहां के घरों की छतों पर लगे सोलर पैनल देखे। इस दौरान उन्होंने सोलर पैनल का लाभ ले रहे लोगों से बात भी की। प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान में करीब 8 हजार करोड़ के डेवपलमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने पीएम आवास योजना में तैयार घरों की चाबियां मकान मालिकों को दीं। इसमें चांदखेड़ा सत्यमेव अस्पताल रोड पर अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (ऑडा) के 1120 फ्लैट्स भी शामिल हैं।

शिंदे के विधायक बोले-राहुल की जीभ काटने वाले को इनाम

संजय गायकवाड़ ने कहा- 11 लाख दूंगा, आरक्षण पर कांग्रेस नेता के बयान से नाराज

■ संजीवनी टुडे

बुलढाणा। महाराष्ट्र के बुलढाणा से विधायक संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। संजय ने सोमवार को कहा, 'राहुल गांधी पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। उन्हें इसका इनाम मिलेगा, जो भी राहुल की जीभ काटेगा उसे 11 लाख रुपए दिए जाएंगे। संजय ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में संविधान खतरे में होने का फर्जी नैरेटिव सेट कर वोट हासिल किए। आज वे आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पिछड़े वर्ग, ओबीसी और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहती है। राहुल गांधी पिछले दिनों अमेरिका दौरे पर थे। भारत में आरक्षण कब तक चलेगा, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था, ''कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। राहुल गांधी के इस बयान पर देशभर में उनका विरोध हुआ था। हालांकि, राहुल गांधी ने कहा था कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। संजय गायकवाड़ पर बाघ के शिकार के बाद गले की माला में पहनने का दावा बुलढाणा विधायक ने किया है। इस दांत को वन विभाग ने जब्त कर लिया। महाराष्ट्र और देश में आरक्षण की मांग की आग लगी हुई है। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान में पिछड़े वर्ग, आदिवासियों और अन्य वर्गों को आरक्षण दिया था। लेकिन, राहुल गांधी ने विदेश जाकर कहा कि वे देश में आरक्षण खत्म करना चाहता हैं। उनका असली चेहरा सामने आ गया है। राहुल ने कहा था- आरक्षण खत्म करने का अभी सही समय नहीं राहुल ने वॉशिंगटन डीसी में कहा था- कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब सही समय होगा। जब आप वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपए में से 5 रुपए मिलते हैं और ग्उए को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है। राहुल ने जातिगत जनगणना को लेकर भी कहा था- भारत के दलित, ग्उए, आदिवासी को उनका हक नहीं मिल रहा है।

राजस्थान को सौर ऊर्जा क्षमता में मिला पहला स्थान

ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इंवेस्टर्स मीट में सीएम भजनलाल शर्मा ने प्राप्त किया पुरस्कार

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। गुजरात के गांधी नगर में आयोजित हुई चौथी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इंवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो में आज राजस्थान को सौर ऊर्जा क्षमता में देश पहला स्थान मिला। केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी के हाथों यह पुरस्कार सीएम भजनलाल शर्मा ने प्राप्त किया। इसके साथ ही राजस्थान को ओवर ऑल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में देश में दूसरा स्थान मिला हैं। वहीं एक्सपो में भारत की 200 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य को प्राप्त करने में राजस्थान के महत्वपूर्ण योगदान को भी सराहा गया है। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज राजस्थान भारत में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन में पहले स्थान पर है। यहां का भड़ला सोलर पार्क 2 हजार 245 मेगावाट स्थापित सोलर क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में निवेशकों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 28 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाओं से लगभग 470 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादित हो रही है और 32 गीगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। गुजरात के गांधी नगर में चौथी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इंवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि वैश्विक सहयोग, तकनीक, अनुसंधान, प्रशिक्षण और निवेश की सहायता से प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस दिशा में राज्य सरकार 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश आएगा। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए में 228 मेगावाट की सोलर परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं और 300 मेगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। कम्पोनेंट-सी के तहत राज्य को 4 हजार 524 मेगावाट की सौर परियोजनाओं का आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में विगत 9 महीनों में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

अगले 10 वर्षों की बिजली की मांग की कार्ययोजना तैयार की

मुख्यंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार बिजली क्षेत्र में सुधारों के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमने विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए अगले 10 सालों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान के सभी जिलों में आदर्श सौर ग्राम विकसित किए जा रहे हैं।

कोलकाता रेप-मर्डर, डॉक्टर्स की ममता से मुलाकात खत्म

बातचीत रिकॉर्ड करने 2 स्टेनोग्राफर ले गए, बंगाल सीएम ने कहा था- आज आखिरी मौका

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। कोलकाता रेप-मर्डर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के लिए सीएम हाउस पहुंचे। डॉक्टर्स की ममता के साथ मीटिंग जारी है। डॉक्टर्स के दल ने बताया था कि हमारे साथ 2 स्टेनोग्राफर्स भी हैं, जो मीटिंग की बातचीत को रिकॉर्ड करेंगे। ममता ने आज सुबह ही डॉक्टर्स को 5वीं बार मुलाकात के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा था कि बातचीत का यह आखिरी मौका है। शाम करीब 5 बजे डॉक्टर मीटिंग के लिए राजी हुए, लेकिन शर्तें रख दीं। डॉक्टरों ने कहा कि मीटिंग में क्या बातचीत हुई, इसका रिकॉर्ड दोनों पार्टियां रखें और इसकी कॉपियां भी शेयर की जाएं। बातचीत करने वाले दोनों पक्ष इस पर दस्तखत करें। इससे पहले 4 बार बंगाल सरकार डॉक्टर्स को मीटिंग के लिए बुला चुकी है, लेकिन लाइव टेलीकास्ट और वीडियोग्राफी जैसी मांगों के चलते बातचीत नहीं हो सकी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के रेप-मर्डर के बाद लगातार 38 दिन से जूनियर डॉक्टर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि डॉक्टर्स प्रदर्शन खत्म कर काम पर लौटें तो उन पर एक्शन नहीं होगा।

कोर्ट ने आदेश न मानने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- हड़ताल खत्म करें, नहीं तो कार्रवाई होगी सुप्रीम कोर्ट ने 9 सितंबर को कोलकाता रेप-मर्डर केस की सुनवाई के दौरान जूनियर डॉक्टरों को 10 सितंबर की शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आदेश न मानने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे ड्यूटी पर नहीं लौटेंगे। ट्रेनी डॉक्टर की मां बोलीं- सीएम ममता डॉक्टर्स की मांगों को मानें ट्रेनी डॉक्टर की मां ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री और आंदोलनकारी डॉक्टरों के बीच बातचीत से नतीजे निकलेंगे। उन्होंने कहा- केवल यह कहने से बात नहीं बनेगी कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसे दंडित किया जाएगा। ममता को डॉक्टरों की मांगों को पूरा करना होगा। रेप मर्डर केस में आज एउक्रस्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी कोलकाता रेप-मर्डर केस में सीबीआई आज दूसरी स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगी। 9 सितंबर को सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी ने पहली रिपोर्ट पेश की थी। जिसमें कई खुलासे किए गए थे। रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि केस से जुड़े कुछ दस्तावेज गायब हैं। इस पर कोर्ट ने कहा था- यह मामला गड़बड़ लगता है।

आरएसएस प्रमुख बोले- देश में अच्छे-बुरे के जिम्मेदार हिंदू

■ संजीवनी टुडे

क्योंकि वही राष्ट्र के कर्ताधर्ता, नई पीढ़ी संस्कार भूल रही, यह चिंता का विषय

अलवर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने राजस्थान के अलवर में रविवार को कहा- देश में कुछ अच्छा होता है तो हिंदू समाज की कीर्ति बढ़ती है। कुछ गड़बड़ होता है तो हिंदू समाज पर आता है, क्योंकि वही इस देश के कर्ताधर्ता हैं। उन्होंने हिंदू धर्म की परिभाषा बताते हुए कहा- जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, यह वास्तव में मानव धर्म है। विश्व धर्म है और सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। उन्होंने पारिवारिक संस्कारों को लेकर भी चिंता जताई। कहा- देश में परिवार के संस्कारों को खतरा है। मीडिया के दुरुपयोग से नई पीढ़ी बहुत तेजी से अपने संस्कार भूल रही है। यह चिंता का विषय है। मोहन भागवत 5 दिन के अलवर प्रवास पर हैं। नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम के पहले दिन रविवार (15 सितंबर) को उन्होंने इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अगले साल संघ की स्थापना को 100 साल पूरे हो रहे हैं। संघ की कार्य पद्धति लंबे समय से चली आ रही है। हम कार्य करते हैं तो उसके पीछे विचार क्या है यह हमें ठीक से समझ लेना चाहिए। अपनी कृति के पीछे यह सोच हमेशा जागृत रहनी चाहिए। हमें देश को समर्थ करना है। हमने प्रार्थना में ही कहा है कि यह हिंदू राष्ट्र है। हिंदू समाज इसका उत्तरदायी है। अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम में 15 सितंबर को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने का काम पुरुषार्थ के साथ करने की आवश्यकता है। हमें समर्थ बनना है। इसके लिए पूरे समाज को योग्य बनाना पड़ेगा। जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, यह वास्तव में मानव धर्म है। विश्व धर्म है और सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हिंदू मतलब सब कुछ स्वीकार करने वाला। सबके प्रति सद्भावना रखने वाला। जो विद्या का उपयोग विवाद पैदा करने के लिए नहीं करता, ज्ञान देने के लिए करता है।

जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस का मेनिफ़ेस्टो जारी

किसानों को 4000, युवाओं को 3500 बेरोजगारी भत्ते का वादा, आर्टिकल 370 का जिक्र नहीं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस ने सोमवार शाम मेनिफ़ेस्टो जारी किया है। इसमें जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाए जाने की कही गई है। पूरे मेनिफ़ेस्टो में आर्टिकल 370 का जिक्र नहीं है। पार्टी ने भूमिहीन किसानों को हर साल 4 हजार रुपए की अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने और बेरोजगार युवाओं को एक साल तक हर महीने 3500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान किया है। पार्टी ने वादा किया है कि गरीब परिवारों को मिलने वाले 5 किलो राशन को बढ़ाकर 11 किलो किया जाएगा। वहीं, सरकारी विभागों में खाली 1 लाख पदों को भरने के लिए सरकार बनने के 30 दिन के भीतर नौकरी कैलेंडर बनाने का वादा किया है। इसके अलावा महिला सम्मान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की मुखिया महिला को हर महीने 3 हजार रुपए की सहायता देना का ऐलान किया है। युवाओं को हर महीने 3500 रुपए तक का बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। विभिन्न विभागों में खाली पड़े 1 लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा। पेंडिंग सरकारी रिक्तियों को भरने के लिए पहले 30 दिन के भीतर नौकरी कैलेंडर जारी किया जाएगा।

नौकरियों में लोकल लोगों को प्राथमिकता

आवेदकों को साल में केवल एक बार परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा। नौकरियों में लोकल लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। बड़े स्तर पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। हार्ड जोन में मौजूद बंद स्कूलों को एडहॉक के आधार पर शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर पुलिस, फायर ब्रिगेड और वन सुरक्षा बल के लिए विशेष सीमा भर्तियों में ऑन द स्पॉट भर्तियां की जाएंगी। महिला सम्मान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों की मुखिया महिला को हर महीने 3 हजार रुपए की सहायता। सखी शक्ति के तहत प्रत्येक महिला स्वयं सहायता समूह को 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। छात्राओं के लिए एक बेटी छात्रवृत्ति योजना के तहत सहायता दी जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं, एमडीएम कर्मियों और आशा कार्यकताओं के मानदेय में राज्य का हिस्सा दोगुना किया जाएगा। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक पुलिस स्टेशन में महिला पुलिस कक्ष स्थापित किए जाएंगे। पंचायतों को महिला क्लब और सांस्कृतिक केंद्र बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। भूमिहीन, किराए पर खेती करने वाले और भूमि मालिक किसान परिवारों को हर साल अतिरिक्त 4 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। राज्य की भूमि पर खेती करने वाले भूमिहीन किसानों को 99 साल के पट्टे की व्यवस्था करेंगे। सेब की फसल के लिए 72 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम मूल्य तय किया जाएगा। प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ सभी फसलों के लिए 100% फसल बीमा दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए 100% सिंचाई तय करने के लिए सभी जिला-स्तरीय सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2500 करोड़ रुपए का फंड बनाया जाएगा।

भारत सरकार और तेल कंपनियां मिलकर लूट रहीं: गहलोत

कहा- राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के दाम हरियाणा के बराबर करने का वादा कब पूरा होगा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पेट्रोल, डीजल के दामों को लेकर केंद्र और राजस्थान सरकार पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने भारत सरकार और तेल कंपनियों पर जनता को लूटने का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी की गारंटी पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा- पिछले 6 महीने में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें करीब 21% कम हुई हैं लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि भारत सरकार और तेल कंपनियां मिलकर आम आदमी की जेब लूट रही हैं। अगर कच्चे तेल की कीमतों के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाई जाएं तो पेट्रोल की कीमत 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 8 रुपए प्रति लीटर तक कम हो सकती हैं। गहलोत ने आगे लिखा- राजस्थान की जनता के साथ तो एक तरह से दोगुनी ठगी हुई है। विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनता से वादा किया था कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनने पर यहां पेट्रोल-डीजल के दाम हरियाणा और गुजरात के बराबर की जाएंगी लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ है। राजस्थान की जनता जानना चाहती है कि मोदीजी की यह गारंटी कब पूरी होगी राजस्थान में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर हर राज के दौरान राजनीति होती रही है। पिछले कांग्रेस राज के दौरान बीजेपी ने पडोसी प्रदेशों से राजस्थान में पेट्रोल डीजल की कीमतें कम होने पर सवाल उठाए थे।

धनखड़ बोले- सवाल उठाने से जांच एजेंसियों का मनोबल गिरेगा

वे कानून के तहत काम करती हैं, एससी ने सीबीआई को पिंजरे में तोता कहा था

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि इलेक्शन कमीशन और जांच एजेंसियों पर सवाल उठाना उनका मनोबल गिराना है। वे मुश्किल हालात में काम करते हैं। धनखड़ ने ये भी कहा कि कुछ लोगों को देश की संस्थाओं की काफी चिंता है। हमारी संस्थाएं स्वतंत्र हैं, वे कानून के तहत और संतुलन बनाकर काम करती हैं। धनखड़ ने रविवार (15 सितंबर) को मुंबई के एक स्कूल में संविधान मंदिर के उद्घाटन में ये बात कही। शुक्रवार (13 सितंबर) को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में एउक्रवाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस उज्जल भुइयां ने सीबीआई को पिंजरे में कैद तोता बताया था। उपराष्ट्रपति बोले- संस्थाओं को संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए काम करना होता है उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्य के सभी अंगों- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का एक ही उद्देश्य है-संविधान की मूल भावना की सफलता सुनिश्चित करना, आम लोगों को सभी अधिकारों की गारंटी देना और भारत को समृद्ध और फलने-फूलने में मदद करना।

राजनीतिक भड़काऊ बहस को बढ़ावा नहीं देना चाहिए

धनखड़ ने कहा कि सभी संस्थाओं को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए साथ मिलकर काम करना होता है। इन पवित्र मंचों को राजनीतिक भड़काऊ बहस को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। चुनाव आयोग और जांच एजेंसियों को कठिन माहौल और दबाव में काम करना होता है। कोई भी विपरीत टिप्पणी उनका मनोबल गिरा सकती है। धनखड़ ने ये भी कहा कि ऐसी टिप्पणियां राजनीतिक बहस पैदा कर सकती हैं। एक नैरेटिव बना सकती हैं। ऐसे में अगर हम सिर्फ कुछ सनसनी पैदा करने के लिए, किसी राजनीतिक बहस या धारणा बनाने का काम करते हैं तो मैं संबंधित लोगों से अपील करूंगा कि इसे पूरी तरह से टाला जाना चाहिए। लोकतंत्र में धारणा मायने रखती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार (13 सितंबर) शाम करीब 6.15 बजे तिहाड़ जेल से बाहर आए। वे 177 दिन बाद जेल से निकले। इससे पहले आज सुबह सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में केजरीवाल को जमानत दी थी। अदालत ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं।

खबरें फटाफट

हवनात्मक लघु रुद्र सम्पन्न

संजीवनी टुडे

जसवंतपुरा। ऐतिहासिक तीर्थधाम सुंधामाता मंदिर में भुर-भूरेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास में शिव लिंग पर सवा लक्ष्य बिलपत्र डेढ़ मास उपलक्ष में हवनात्मक लघु रुद्र 21 ब्राह्मण के द्वारा यज्ञ किया गया। इसकी पूर्णाहुति ब्राह्मणों के द्वारा संपन्न हुई।जिसमें विद्वान ब्राह्मणों ने आहुतियां दी यजमान मुख्य मोडाराम प्रजापत जसवंतपुरा,चामुंडा माता ट्रस्ट व्यवस्थापक जितेंद्रसिंह राठौड़, पंडित दिनेश महाराज कारलू, गोविंद नागर,विनोद नागर सहित स्टाफ के साथ में यज्ञ संपन्न हुआ।

जगन्नाथपुरा व मौहब्बतपुरा ग्राम पंचायत में सघन पौधारोपण

संजीवनी टुडे

रेनवाल माँजी। डिग्गी मालपुरा मेगा हाईवे स्थित ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा व मोहब्बतपुरा में सोमवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के तत्वाधान में सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी दिनेश रातल्या व जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा में सरपंच लाली देवी के सान्निध्य में रा.उ.प्रा वि, ग्राम पंचायत भवन, रातल्या व मनोहरियावाला में मोक्षधाम परिसर, शिव मंदिर, रामदेव मंदिर आदि में 10 फीट के 500 पौधे लगाये गये तो ग्राम पंचायत मौहब्बतपुरा में सरपंच विमला चौधरी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भवन, मौहब्बतपुरा मोक्षधाम, नृसिंह मंदिर, कोशल्या दास की बाबड़ी स्थित शिव मंदिर२ में बिल्वपत्र, अशौक, कल्प वृक्ष, अमरूद, पीपल आदि के 300 पौधे लगाये गयेम इस अवसर पर अशोक मेहता, मुकेश चौधरी, छोटीलाल शर्मा, बद्रीनारायण शर्मा, जगदीश सीमावत, योगेश शर्मा आदि मौजुद थे।

सैन समाज की पदयात्रा गंगा माता मंदिर से नारायणी धाम के लिए हुई रवाना

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के गोविंद देव जी बाजार स्थित गंगा माता मंदिर से सैन समाज राजगढ़ की ओर से 23वीं पदयात्रा राजगढ़ से नारायणी धाम के लिए बड़े हर्ष और उल्लास के साथ रवाना हुई। इसमें समाज के सैकड़ो महिला व पुरुष बच्चे नाचते गाते चल रहे थे। पदयात्रा का विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं से स्वागत किया। पदयात्रा गोविंद देव जी बाजार, चौपड़ बाजार,गोल सर्किल,सराय मोहल्ला,मेला का चौराहा,स्टेशन रोड होते हुए धार्मिक आस्था के केंद्र नारायणी धाम के लिए प्रस्थान कर गई। श्रद्धालु भक्त नारायणी माता के जयकारे लगाते व नाचते गाते हुए चल रहे थे। नारायणी माता मंदिर पर पहुंचने पर पुजा अर्चना कर ध्वजा चढ़ाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। उसके बाद अपने घर के लिए प्रस्थान करेंगे।

दौसा जिला कलेक्टर की मौजूदगी में नवयुवक हेल्प टीम ने लगाया पेड़

संजीवनी टुडे

बसवा । अरावली पर्वतमाला की वादियों में विराजमान धार्मिक स्थल सांवलिया बाबा करनावर में हर वर्ष की भांति इस बार भी 50वां विष्णु महायज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारा व मेले का आयोजन किया गया। प्रसाद लेने हेतु दूर दराज से बड़ी तादात में भक्तगण आए। इस मेले को यादगार बनाने के लिए दौसा जिला कलेक्टर की मौजूदगी में सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम के द्वारा ट्री गार्ड सहित पेड़ पौधे लगाए। इस मौके पर जिला कलेक्टर दौसा देवेन्द्र कुमार, बसवा एसडीएम रेखा मीना, डीएसपी , थानेदार आदि अधिकारीगण व सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम के वरिष्ट सदस्य मुकेश तलाई करनावर, महेश कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर चांदेरा, रत्तीराम धपावन,विष्णु कुमार शर्मा उपाध्यक्ष चांदेरा, सुखदेवा मास्टर करनावर, हरिओम, बाबूलाल गुर्जर गाडंडी, सोहन लाल उसार्रा,रवि भाई करनावर, गोपाल झुरावत बावड़ी बसवा, के पी सैनी बसवा, विश्राम दांगा प्रिंसीपल, लक्ष्मीनारायण रेहड़िया, बबली गुरूजी, सुमेर सैनी, नरेन्द्र उसार्रा, मेवाराम गुल्लाना, मुरली दांगा, श्याम नौगाड़ा,दीनदयाल कॉलेज उपाध्यक्ष, संजय भक्तगण व ग्राम विकास समिति करनावर के सदस्य मौजूद रहे ।

मनुष्य को हमेशा बेजुबान पशु-पक्षियों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए: डॉ. जैफ

संजीवनी टुडे

भानपुर कलां। टोडा मीना की पहाड़ी में एक पालतू गाय पिछले 8 दिनों से घायल अवस्था में पड़ी थी। जिसको गांव के युवाओं ने अपने दूसरे प्रयास में घायल गाय को अपने पारम्परिक जुगाड़ से करीब 250 फीट ऊंचाई पर दुर्गम पहाड़ी से नीचे उतारा गया। अब पशुपालक व युवा उसकी सेवा में लगा है ताकि एक घायल जीव को बचाया जा सके। छगन प्रजापत ने बताया कि टोडा मीना निवासी पशुपालक मिट्ठूलाल योगी की गाय 8 दिन पहले हमेशा की तरह पहाड़ी पर चरने गई एक गाय शाम को पशु बाड़े में नहीं पहुंची। ऐसे में पशुपालक योगी की चिंता लाजमी थी। उसने दो दिन तक गुमशुदा गाय के बारे में पूछताछ की। तभी एक ग्वाले जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन से पहाड़ी पर एक गाय पड़ी हुई है। ऐसे में पशु पालक ने पहाड़ी पर जाकर देखा तो बरसात के चलते गाय पहाड़ी पर एक टीले से फिसलकर चोटिल हो चुकी थी। गाय की पीछे की टांग में फ्रेक्चर हो गया जिसके कारण उठ व चल नहीं पा रही थी। लगातर बरसात के कारण एक जगह पड़ी होने से चमड़ी भी गलने लगी थी। पहाड़ी ऊंची व दुर्गम होने से किसी

प्रकार का वाहन भी नहीं जा सकता था। लेकिन युवाओं के नेक इरादों से दूसरे प्रयास में घायल गाय को पहाड़ी से नीचे उतारने में सफल रहे। इस नेक कार्य में सुगलराम, बंशी प्रजापत, राज बनवारी जागा, शंकर सामरिया, सुरेश कुमार मीना, राजूलाल मीना आदि सहित करीब 25 युवाओं ने घायल गाय को पहाड़ी से उतरवाने में मदद की। पशुपालक योगी ने युवाओं से घायल गाय को पहाड़ी से नीचे उतरवाने के लिए मदद मांगी। हालांकि युवा भी मदद के लिए आगे बढे, लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। गाय की यह गंभीर स्थिति स्थानीय युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई, जिसने उनके गौ सेवा के जज्बे को साबित कर दिया। फिर भी युवाओं ने हिम्मत नहीं हारी और गाय को 250 फीट ऊंची पहाड़ी से नीचे लाने के लिए एक अद्वितीय योजना बनाई। उन्होंने गांव के पारंपरिक तरीका अपनाकर घायल गाय को खांट पर लेटाकर रस्सी बांधा ताकि गाय उठने का प्रयास नहीं करे। फिर युवाओं ने अपने कंधे के सहारे खांट को रखकर घायल गाय को करीब एक किमी पैदल चलकर सावधानीपूर्वक दुर्गम पहाड़ी से उतारा। इस काम को अंजाम देने में उन्हें कठिनाइयों का सामना करते हुए करीब 2 घण्टे का समय लगा, लेकिन लोगों के संकल्प और समर्पण ने यह सब संभव बना दिया। पशुपालक द्वारा पशु चिकित्सक से घायल गाय का उपचार करवाया जा रहा है। इधर, समाज सेवी डॉ विकास जैफ ने कहा कि इस घटना ने टोडा मीना के गांव वासियों की गौ सेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को उजागर किया है। उन्होंने ना केवल अपनी मेहनत और संसाधनों का उपयोग किया, बल्कि एक घायल जानवर के प्रति अपनी दयालुता और जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। युवाओं के इस प्रयास से एक सीख मिलती है कि मनुष्य को हमेशा बेजुबान पशु पक्षियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

झोपडी में आग लगने से घरेलू सामान सहित नकदी जलकर राख

संजीवनी टुडे

रैणी(अलवर)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत माचाडी स्थित कोठारी का बास में नेशनल हाईवे सड़क किनारे अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गयी। आग लगने के कारण झोपड़ी में रखा घरेलू सामान सहित करीब 20 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गई। मुन्नी देवी ने बताया कि सुबह करीब 3-4 बजे उनकी झोपड़ी में आग लग गयी। वे सब लोग झोपड़ी के बाहर सो रहे थे। आग की लंपटों की तपन से जब आंख खुली तो आग देखकर वे सब लोग चिल्ला उठे। उन्होंने ने बताया कि उनकी पुत्रवधु गर्भवती है। उसकी डिलीवरी के लिए करीब 20 हजार रुपये रखे हुए थे। जो आग की भेंट चढ़ गए। जबकि उनकी आर्थिक स्थित पहले से ही बहुत कमजोर है। घनश्याम नायक ने बताया कि सुबह जब आग की लपटें देखी तो बस्ती के आस-पास लोग एकत्रित हो गए। जिन्होंने पास में बने पोखर से पानी लाकर आग पर काबू

पाया। जब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। परिजनों का आग के कारण हुए नुकसान के कारण रो-रोकर बुरा हाल है। हल्का पटवारी मोहित कुमार ने बताया कि मुझे जैसे ही सूचना मिली तो मौके पर पहुंचा तो पता चला कि यह घनश्याम नायक की कच्ची झोपड़ी में सुबह करीब 3-4 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसका मैंने मौका मुआयना कर लिया है। आगे रिपोर्ट बनाकर भेज दी जाएगी और इनको हर संभव मदद का प्रयास किया जाएगा। पीड़ित ने प्रशासन से सहायता की मांग की है।

सुई के बराबर परिग्रह का त्याग है उत्तम आकिंचन धर्म : मुनि श्री शुभम सागर महाराज

संजीवनी टुडे

टोडारायसिंह (केकड़ी)। उत्तम आकिंचन का मतलब सुई के बराबर भी परिग्रह न होना है। साथ ही मन, वचन और काय से अंतरंग एवं बाह्य परिग्रह का त्याग करना है। पांच पापों, सप्त व्यसनों और पच्चीस कषायों के त्याग किए बिना उत्तम आकिंचन धर्म आ नहीं सकता। श्रावक भी नियमों एवं व्रतों को धारण कर उत्तम आकिंचन धर्म प्राप्त को प्राप्त कर सकता है।।उक्त धर्मोपदेश मुनि श्री शुभम सागर जी महाराज ने जैन भवन में पर्यूषण पर्व के नौंवे दिन उत्तम आकिंचन (अपरिग्रह) धर्म पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि जिस तरह लकड़ी का टुकड़ा पानी में डूबता नहीं है और लोहे का टुकड़ा शीघ्र ही डूब जाता है। इसी तरह सांसरिक जीवन में धन अर्जन की मनाई नहीं है। लेकिन न्यायनीति पूर्वक धन अर्जित हो। किसी का दिल न दुखाते हुए धन अर्जन कर

परिवार में अपना कर्तव्य निभाएं। मुनिश्री ने कहा कि मात्र खुद का और परिवार पेट भरने के उद्देश्य से ही धन न कमाएं। प्राप्त धन में से कुछ हिस्सा धार्मिक कार्यों में दान, दीन दुखियों, असहायों, साधर्मी की सहायता करने में भी लगाएं। जिससे जो पुण्य फल प्राप्त होगा, वो अगले भव में हमें कई गुणा फलित होकर कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुनिश्री ने कहा कि अपने जीवन में धन, मकान, जायदाद, आभूषणों आदि का एक सीमा तक संग्रह का नियम लें। इससे आकिंचन धर्म का पालन हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुनिश्री सक्षम सागरजी महाराज ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जैन समाज और चतुर्मास कमेटी अध्यक्ष संतकुमार जैन और प्रवक्त मुकुल जैन ने बताया कि दस दिवसीय पर्वाधिराज पयूषण पर्व का समापन मंगलवार को होगा। इस मौके पर दोपहर को नेमिनाथ मन्दिर से श्री जी की निहालकी जी निकाली जावेगी।फिर सभी मंदिरो में अभिषेक, शांतिधारा, होंगे। फिर जैन भवन में मुनिश्री के प्रवचन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

रैणी के 3 गांवों में प्रशासन ने दबिश दी तो भागे खननकर्ता, लगाया 14 लाख का जुर्माना

संजीवनी टुडे

रैणी(अलवर)। उपखंड क्षेत्र के गांव करणपुरा,रामपुरा,भीटोली सहित अन्य गांवों में खातेदारी की जमीन में हो रहे बजरी के अवैध खनन को लेकर रैणी तहसीलदार और खनिज विभाग के संयुक्त दल ने औचक निरीक्षण किया। खातेदारी भूमि में बजरी के अवैध खनन के निरीक्षण से पहले ही कार्रवाई की भनक लगने पर खनिज क्षेत्र में कोई साधन व खननकर्ता नहीं मिलने पर संयुक्त निरीक्षण दल ने राजस्व रिकार्ड के आधार पर 8 खसरा नंबरों पर 14.19 लाख रुपए की शास्ती लगाकर खानापूर्ति कर ली। जबकि खननकर्ताओ द्वारा खनन जारी है। रोजाना सैकड़ों से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी का खनन हो रहा है। जानकारी के अनुसार रैणी क्षेत्र के सीमा के गांव करणपुरा,भीटोली व रामपुरा में बजरी खनिज का नया खनन क्षेत्र विकसित हो रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बार-बार स्थानीय प्रशासन के बाद जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में इन गांवों में खातेदारी भूमि मे अवैध बजरी खनन होने शिकायत किए जाने पर भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीण अवैध बजरी खनन रोकने की शिकायत लेकर नए जिला कलेक्टर से भी मिले। गत दिनों रैणी तहसीलदार कैलाश मेहरा के नेतृत्व में खनिज विभाग के दल द्वारा खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें मौके पर खनन के गड्ढे पाए जाने पर गांव भींटोली के खसरा नंबर 350, 349, 346, 347, 353, 343, 370 पर 6.85 लाख रुपए की पेनल्टी,गांव रामपुरा के खसरा नंबर 898,928 पर 5.88 लाख रुपए की पेनल्टी तथा गांव करणपुरा के खसरा नंबर 436 पर 1.46 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। क्षेत्र गांव भींटोली, करणपुरा,रामपुरा में ग्रामीणों के अनुसार करीब 2 माह से बजरी खनन हो रहा है। मौके पर गहरे गड्ढे बने हुए है। उनके पास ऊंचे-ऊंचे टीले लगे हुए है। यहां दर्जनों जेसीबी तथा एलएनटी से खनन हो रहा है। रोजाना सैकड़ों से अधिक ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध बजरी का परिवहन कर रहे है। एक ट्रेक्टर-ट्राली की बजरी भराई तकरीबन 4 हजार रुपए है। भारी मात्र में अवैध खनन होने पर भी खनिज विभाग के दल द्वारा लगाई गई पेनल्टी नाम मात्र की है। वहीं अभी भी खातेदारी भूमि से बजरी का अवैध खनन जारी है। खनिज विभाग की टीम के साथ मौके पर जाकर जांच की गई। तहसीलदार कैलाश चंद मेहरा ने बताया कि आगे से मौके पर कोई भी खननकर्ता नहीं पाया गया। फिर भी अगर खनन होता है तो संबंधित खातेदार के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

शिक्षक दिनेश सैनी को मिला हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। बड़ला के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को गुजरात के पाटन शहर में हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान शिक्षा सागर फाउंडेशन की ओर से उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा बच्चो के साथ गतिविधि आधारित शिक्षण करवाया जाता है। खेल-खेल में शिक्षा के द्वारा बच्चों को सिखाने का कार्य अनोखा है। इनके बालगीत और गतिविधि देशभर में प्रसिद्ध है। जिसे देश के लाखो बच्चें लाभान्वित हो रहे है। भामाशाहों के द्वारा विद्यालय में अनेक विकास कार्य करवाए जा चुके है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता हैं। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में गुजरात, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, आन्ध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, सिक्किम, कर्नाटक, उत्तराखण्ड, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारी शिक्षण एवं उपलब्धियों के लिए दिया गया है। भामाशाहों के द्वारा अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कार्यक्रम के आयोजक शिक्षा सागर फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रभारी शैलेश भाई प्रजापति ने बताया कि यह समारोह देश के उन चुनिंदा शिक्षकों के लिए है, जो शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नया कर रहे है। दिनेश सैनी हाल ही शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा भी राज्य स्तर पर सम्मानित हुए है और इससे पहले शिक्षा सचिव नवीन जैन के द्वारा इनको राजस्थान के शिक्षक सितारे अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर इनको अनेक बार सम्मानित किया जा चुका है।

जिला कलक्टर ने अलवर शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

अभय कमाण्ड के कैमरों से की मॉनिटरिंग, इसमें पाए गए गंदगी वाले स्थानों का किया मौका निरीक्षण

संजीवनी टुडे

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को प्रातः शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने शहर का दौरा रोड नम्बर 2 से प्रारम्भ किया जहां गुरूद्वारा के पास नाले में कचरा मिला, काशीराम चौराहे के पास जय कॉम्पलेक्स के पास बने सार्वजनिक शौचालय की दीवार टूटी हुई मिली, कालाकुआं चुंगी के पास प्राइवेट प्लॉट के पास कचरे का ढेर मिला व पुलिस लाइन रोड मालाखेडा गेट के बाहर नाली में कचरा मिला एवं कचरा व गंदगी मिलने पर नगर निगम आयुक्त को नाराजगी जाहिर कर निर्देश दिये कि कार्य योजना बनाकर तीन दिवस में इन स्थानों की साफ-सफाई, मरम्मत कराने के साथ यहां डस्टबिन लगाई जाए। स्थानीय पार्षद व नागरिकों से समन्वय कर ऑटो टिपर के सुबह व शाम का कचरा संग्रहण का समय निर्धारित करें। नगर निगम के वाहन निर्धारित कचरा संग्रहण केंद्रों के अलावा अन्य स्थानों पर व नालों में कचरा डालते हुए पाए जाए तो उनका फोटो लेकर भिजवाए, उनके विरूद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कालाकुआं चुंगी के पास प्राइवेट प्लॉट के कचरे की एक बार नगर निगम द्वारा पूर्ण सफाई कराई जावे तथा उसके

बाद प्लॉट के मालिक को पाबंद करे कि यहां गंदगी नहीं होवे। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि शहर की साफ-सफाई हेतु नगर निगम का सहयोग कर संसाधन आदि उपलब्ध कराए।

जिला कलक्टर ने अपने विगत सप्ताह के निरीक्षण के पश्चात शहर में लगे अभय कमाण्ड के तहत टीवी कैमरों से स्वयं ने एवं डीओआईटी की टीम के द्वारा निरन्तर मॉनिटरिंग कराई गई जिसमें उक्त गंदगी वाले स्थान सामने आए जिनका मौका निरीक्षण जिला कलक्टर ने करके स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कैमरे द्वारा पकडे गए गंदगी वाले स्थानों के आसपास के निवासियों से कहा कि इस गंदगी की बिना शिकायत के कैमरों की मॉनिटरिंग से गंदगी देखकर आए हैं। इन जगहों को स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण सहयोग करे। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान शहर के नागरिकों से संवाद कर कहा कि कचरा संग्रहण पॉइंटों व डस्टबिन में कचरा न डालकर अपने मौहल्ले, अपने ही नालों में कचरा डालकर फैल रही गंदगी की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन व नगर निगम का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक अपने में से ही 30 से 50 घरों पर एक स्वयं सेवक नियुक्त करें जो स्वच्छता कार्य में सहयोग करें। साथ ही नगर परिषद के कार्मिकों से समन्वय कर ऑटो टिपर का समय निर्धारण करे। डस्टबिन व कचरा संग्रहण केंद्रों पर ही कचरा डाले। कैरी बैग को उपयोग में लेना प्रतिबंधित है अतः इसे उपयोग में न लेवे।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि कचरा पॉइंटों को दुरूस्त करावे। इन स्थानों पर डस्टबिन रखवाई जावे तथा वहां पर यह अंकित करावे कि कचरा डस्टबिन में ही डाले तथा उस क्षेत्रा में ऑटो टिपर के आने के सुबह और शाम के समय को अंकित करावे। सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत कराने के साथ नियमित सफाई की जावे। उन्होंने कहा कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और धरातल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए साप्ताहिक निरीक्षण किए जाएंगे। इस दौरान यूआईटी की सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम संजू शर्मा, एडीएम शहर बीना महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, नगर निगम आयुक्त युवराज मीणा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता एम.एल मीना व अधिशाषी अभियन्ता अल्का व्यास, यूआईटी के अधिशाषी अभियन्ता योगेन्द्र वर्मा व कुमार संभव अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

राज स्तरीय सम्मानित शिक्षक कैलाशचंद मीणा का ग्रामीणों ने किया स्वागत सम्मान

संजीवनी टुडे

सकट। रविवार को शिक्षक दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षक कैलाश चंद मीना का ग्रामीणों ने बैण्ड बाजों के साथ एवं फूल मालाओं व साफा पहनाकर चौथ माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। शिक्षक कैलाश चंद मीना सकट गांव के ही है और वो वर्तमान में रैणी ब्लांक के कल्याणपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित होने का मौका मिला और शिक्षक कैलाश चंद मीणा को शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के द्वारा उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य के लिए शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिक्षक के सम्मान समारोह के अवसर पर कजोड़ मल मीणा एल आई सी , रामस्वरुप बाबूजी , गुलज़ारी लाल मीणा, ग्यारसी राम मीणा, मुरारी लाल जैमन, बल्ला राम मीणा, श्याम लाल चौधरी, मूल चंद चौधरी, हरिकिशन मीना, हरबल मीणा, घासी राम पंच, रामकेश मीणा, निरंजन जैमन, जितेंद्र कुमार मीणा ,कैलाश बलाई सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह हुआ आयोजित

संजीवनी टुडे

भीनमाल। शहर के नीलकंठ महादेव मंदिर में मनिहारी, फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ।जिसमें सभी मनिहारी,फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया ।बैठक में धार्मिक आयोजन तथा मेलों में संयुक्त व्यापार संघ के द्वारा जल-पान की व्यवस्था की जावे । इस संबंध में भी सभी की सहमती बनी ।संगठन में सभी मित्रगण, व्यापारी-बंधु मिलजुल कर एकता का संदेश देवें ।इस प्रकार के कार्य कर दूसरे संगठनों के लिए लिए प्रेरणा का स्रोत बन संगठन में कार्य करें । एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी ललित होंडा ने बताया कि इस कार्यक्रम में अध्यक्ष नवल किशोर राठी, संरक्षक नरेश सुखाड़िया, भंवरसिंह दहिया, उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह, सूजाराम चौधरी, विष्णुदास वैष्णव, महासचिव प्रवेश माली,कोषाध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी, महादेव राठी, ईश्वरसिंह दुधवा,राजू भाई चौधरी, प्रवीण लखारा,जुगलकिशोर राठी, राजेश राठी,लवनीत राठी सहित मनिहारी,फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के दुकानदार व कर्मचारी गण उपस्थित रहे । इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक शेखर व्यास,भंवरलाल माली, अर्जुनसिंह भूतेल,श्रवण सिंह राव,सुरेश अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

स्वामी रघुवर दास महाराज होंगे पीठाचार्य

संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर हसनपुरा में पीठाचार्य श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज के गत दिनों ब्रह्मलीन हो जाने के कारण पीठाचार्य की गद्दी रिक्त पड़ी थी। पीठाचार्य श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज के गत दिनों ब्रह्मलीन होने पर कीर्तन सत्संग में अखिल भारतीय राम जन मण्डल के वरिष्ठ संत श्री श्री 108 स्वामी कृष्णा नन्द महाराज उत्तराधिकारी श्री श्री 1008 स्वामी रूपदास महाराज ने अखिल भारतीय राम जन मण्डल के पीठाचार्य पद पर श्री श्री 108 स्वामी रघुवर दास महाराज, राष्ट्रीय संयोजक पद पर श्री श्री 108 स्वामी सत्यदास महाराज को राम जन मण्डल एवं विभिन्न संप्रदायों के संतो महंतो, कोटवाल एवं आमजन के सर्वसहमति से मनोनीत किया। पीठाचार्य श्री श्री 108 स्वामी रघुवर दास महाराज, राष्ट्रीय संयोजक श्री श्री 108 स्वामी सत्यदास महाराज ने ब्रह्मलीन स्वामी भगवान दास महाराज को नमन कर वरिष्ठ संत श्री श्री 108 स्वामी कृष्णा नन्द महाराज उत्तराधिकारी श्री श्री 1008 स्वामी रूपदास महाराज से आशीर्वाद लिये। सभी संतो महंतों और आमजन ने नवनियुक्त पीठाचार्य, राष्ट्रीय संयोजक को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव बाबूलाल दातोनिया पूर्व अध्यक्ष नगर निगम स्थाई समिति जयपुर सहित सैकड़ों साधु संतो आमजन उपस्थित थे। यह जानकारी मुकेश कुमार गाडेगावलिया राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिल भारतीय राम जन मण्डल चेरिटेबल ट्रस्ट ने दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कांग्रेस नेताओं ने जुबेर खान के निवास पहुंचकर किया शोक व्यक्त

संजीवनी टुडे

अलवर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल वासनिक एवं वन मंत्री संजय शर्मा सहित अनेको नेताओं ने स्वर्गीय जुबेर खान के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए अलवर आये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक एवं मंत्री संजय शर्मा आदि ने कटी घाटी के समीप स्थित जुबेर खान के निवास पर दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। तत्पश्चात शोकाकुल परिवार के सदस्यों को इस असहनीय कष्ट को सहन करने हेतु ढांढस बंधाया। उनके दोनों पुत्रों आदिल जुबेर और आर्यन जुबेर से कहा कि दुःख की इस घड़ी में हिम्मत से काम ले और परिवार को संभाले। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व विधायक संयम लोढा, बलजीत यादव, अलका लांबा, सुरेश गौतम, अवध शर्मा, जिला प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता, प्रधान नसरू खान, प्रधान लियाकत खान, संजीव बारेठ, , पुष्पेन्द्र धाबाई, रामप्रकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पं. बबली शर्मा, जयराम जाटव , अंसब खान आदि मौजूद रहे।

खबरें फटाफट

पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन, ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सराड़ा क़स्बे में निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

संजीवनी टुडे

सराड़ा। इस्लाम के पैग़म्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन,जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सराड़ा क़स्बे में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया। रविवार रात को मदरसा गोशिया चौक पलटन व मदरसा अजहरी चौक रिसाला में महफ़िल ए-मिलाद में महफ़िल पार्टी ने नबी की याद में नाते पड़ी व बच्चों ने दिनी प्रोग्राम पेश किए, सोमवार सुबह 10 बजे जुलूसे मोहम्मदी रिसाला चौक से रवाना होकर पलटन चौक,पलटन मोहल्ला,घासघर वाले बाबा साहब की दरगाह,लेम्पस बस्ती,टंटा बाज़ार,सदर बाज़ार,बस स्टैण्ड,हॉस्पिटल रोड़,तहसील रोड़,रिसाला मोहल्ला,गाँधी चौक होता हुआ पलटन मदरसा चौक पहुँचा जहा जुलूस का समापन हुआ,जुलूस में पलटन व रिसाला मोहल्ले के युवा,समाजजन डीजे के साथ नबी की याद में झंडे लहराते,नारे लगाते हुए चल रहे थे और सरकार कि आमद कि आमद की खुशियाँ मना रहे थे। इस मोके पर सराड़ा उप सरपंच नावेद मिर्ज़ा,पलटन रज़ा नगर सदर फ़तह मोहम्मद,रिसाला अजहरी नगर सदर इरशाद अली दोनों इन्तेजामिया कमेटी मेम्बरान सहित सभी समाजजन व सराड़ा डीवायएसपी मदन लाल बिश्नोई, सराड़ा थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा मय ज़ाब्ता मोजूद रहे।

कूण सदर बाजार में गणपति महोत्सव पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संजीवनी टुडे

लसाड़िया। लसाड़िया उपखंड क्षेत्र के कूण कस्बे के सदर बाजार व आजाद चौक में गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। अंतिम सांयकाल आरती के समय महा आरती की गई। गणपति नवयुवक मंडल सदर बाजार में महाआरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे की बालिकाओं ने एक से एक बढ़कर नृत्य की प्रस्तुतियां दी। बाद में गरबा का आयोजन किया गया। मंगलवार दोपहर में भव्य शोभायात्रा के साथ गणपति विसर्जन के लिए केर सागर तालाब पहुंचेंगे। जहां महाआरती के बाद गणपति की मुर्ति को तालाब में विसर्जित किया जायेगा।

सौर उर्ज़ा संयत्रों का शिलान्यास आज

संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम सी योजनान्तर्गत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डूंगरपुर के क्षेत्रों में सौर उर्ज़ा संयत्रों का शिलान्यास 17 सितम्बर को प्रातः 11 बजे वीसी के माध्यम से किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता कमलेश्वर जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्ज़ा मंत्री राजस्थान सरकार करेंगे। जिसमें माडा पंचायत समिति बिछीवाड़ा व पीठ पंचायत समिति सीमलवाड़ा में दो सौर संयत्र फलोज पंचायत समिति दोवड़ा तथा रामसागड़ा पंचायत समिति बिछीवाड़ा में एक-एक सौर संयत्र संम्मिलित है। उक्त शिलान्यास कार्यक्रम का राजमाता विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम भवन, डूंगरपुर में आयोजित किया जाएगा।

लेकसिटी में दो दिवसीय अखिल भारतीय काव्य समागम एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य समापन

समाज को वैचारिक तौर पर समृद्ध बनाने का सशक्त माध्यम है साहित्यः हरिहर

संजीवनी टुडे

उदयपुर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष विष्णु शर्मा हरिहर ने कहा कि साहित्य सृजन समाज को एक नई दिशा देता है, समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है और समाज को वैचारिक बल भी देता है और इसी से राष्ट्रवाद की संकल्पना नया रूप लेती है। हरिहर सोमवार को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग, साहित्य विकास परिषद अहमदाबाद व अखिल भारतीय साहित्य परिषद चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अखिल भारतीय काव्य समागम 2024 एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि साहित्यकार और युवा पीढ़ी नीर क्षीर विवेक को अपनाते हुए वर्तमान प्रसंगों की आवश्यकता को समझें और तदनुरूप राष्ट्रवाद की विचारधारा को आत्मसात करें।उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब साहित्यकारों को निर्बाध गति सेस्वयं को माँ और माटी से जोड़ते हुए अपने लेखन में प्रकृति के पोषण के संदर्भों को साहित्य की विभिन्न विधाओं में लिखने पड़ेंगे। मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने के लिए जिन तत्वों को स्थापित करना है उन पर स्पष्ट होकर पद्य तथा गद्य की विभिन्न विधाओं में इस प्रकार की रचनाएं लिखनी होगी जिंसे व्यक्ति का आत्मबल मजबूत हो तथा उसमें सबके हित की भावना का विकास हो। साहित्यकार अपना धर्म समझें स्वयं भी प्रगति करें और औरों को भी प्रगति करने में सहयोग करें। इस प्रकार के सृजन के माध्यम से हर व्यक्ति को श्रेष्ठ मानव बनाने की कार्य में अपनी साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से,अब साहित्यकारों को लग जाना चाहिए इसी से साहित्यकार अपनी आंतरिक चेतना को अपने

अनुभव से जोड़कर व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र तथा संपूर्ण विश्व का कल्याण कर सकेगा। यह तभी संभव है जब भारतीय दर्शन तथावांग्मय को पढ़कर अपने अनुभव से सिद्ध करते हुए वर्तमान परिस्थितियों आवश्यकताओं के अनुसार साहित्यकार अपने सृजन धर्म का निर्वहन करेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संस्मरणों को उद्घाटित करते हुए भारतीय संस्कृति के आदर्शों को सार्वभौमिक व सार्वकालिक बताया और कहा कि मनुष्य का जन्म परोपकार के लिए हुआ है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सुखाड़िया विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफ़ेसर पूरणमल यादवने भारतीय और पश्चिमी संस्कृति व सभ्यता की विशेषताओं के साथ विसंगतियों को उजागर किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में इस संगोष्ठी आयोजन की सराहना भी की। विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने सभ्यता के नाम पर पैदा हो रही विसंगतियों के बीच राष्ट्रवाद को केन्द्र में रखकर हो रहे अखिल भारतीय काव्य संगम और राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रयासों की प्रासंगिकता उजागर की। समापन समारोह का संचालन आयोजक कपिल पालीवाल ने किया। राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुए दो दिवसीय अखिल भारतीय काव्य समागम एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी में आभार प्रदर्शन की रस्म संयोजक डॉ. आशीष सिसोदिया ने अदा की। अखिल भारतीय साहित्य परिषद चित्तौड़ प्रांत, साहित्य विकास परिषद अहमदाबाद व हिंदी विभाग के साझे में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय काव्य संगम और राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विचार सत्र-'साहित्य और राष्ट्रवाद' का विषय परिवर्तन करते हुए हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ नवीन नंदवाना ने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में सोशल मीडिया के कंटेंट पर पैनी नजर रखना जरूरी है। यही सामग्री हम बच्चों और युवाओं को दिमाग की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए दे रहे हैं। जो नकारात्मक है वह समाज पर बुरा असर डालती है और सकारात्मक है तो रचनात्मक योगदान कर जाती है। उन्होंने इंटरनेट पर हिंदी की ताकत को भी बताया। हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ आशीष सिसोदिया ने कहा कि राष्ट्रवाद की अवधारणा को साहित्य से पुष्ट किया जा सकता है, क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण है, और यही जन-जन तक अपनी बात पहुंचाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष डॉ.रवींद्र उपाध्याय ने कहा कि समाज को हम विभिन्न समस्याओं से ग्रसित देखते हैं।

प्रधानमंत्री आवास लाभ हस्तांतरण व मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

करोड़ों के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

संजीवनी टुडे

उदयपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश भर में 10 लाख लाभार्थियों को आवास स्वीकृति एवं प्रथम किश्त का हस्तांतरण वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मुख्य कार्यक्रम झारखण्ड राज्य के जमशेदपुर में आयोजित होगा और उसका प्रसारण सभी जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर किया जाएगा। उदयपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार सुबह 11 बजे सुखाड़िया रंगमंच सभागार में आयोजित होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव तथा विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास समारोह भी होगा। इसमें प्रदेश भर में नवनियुक्त कार्मिकों का अभिनंदन करने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भर में करोड़ो रूपए के विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही मंगलवार से ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का भी आगाज होगा। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में इन सभी आयोजनों को लेकर टीम उदयपुर तैयारियों में जुटी हुई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से 10 लाख आवासों की स्वीकृति जारी की जानी है। प्रधानमंत्री महोदय

वर्चुअल माध्यम से स्वीकृति जारी करते हुए सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रथम किश्त राशि का हस्तांतरण करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद हेमेंद्र नागर के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम के जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रसारण की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से पिछले 3 माह में राजसेवा में नियुक्त कार्मिकों के अभिनंदन के लिए मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का भी आयोजन होना है। इसमें मुख्यमंत्री चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से चिन्हित कार्मिकों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। उदयपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब 400 नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान कर अभिनंदन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भर में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें उदयपुर जिले के भी कई कार्य शामिल हैं। जिला आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा ने बताया कि बुधवार को प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उदयपुर जिले में 103.41 करोड़ की लागत से मेनार में प्रस्तावित 220 केवी जीएसएस, डाइट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, राजस्व ग्राम वाड़ा में विभिन्न आंतरिक सड़कों, युडीए की दक्षिण विस्तार योजना में डी ब्लॉक की 100 फीट सड़क पर रिटेनिंग वॉल कार्य, एफसीआई जंक्शन के समीप सड़क विस्तारीकरण व सुदृढीकरण कार्य तथा दक्षिण विस्तार योजना के सी ब्लॉक में 100 फीट (फोरमेशन) सड़क कार्य का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। साथ ही महात्मा गांधी स्कूल वल्लभनगर में बालक एवं बालिका छात्रावास भवनों, झाडोल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभागपुरा में डोम निर्माण कार्य का लोकार्पण भी प्रस्तावित है।

भारतीय कृषि अभियंता संगठन ने मनाया अभियंता दिवस

संजीवनी टुडे

उदयपुर। भारतीय कृषि अभियंता संगठन की राजस्थान इकाई द्वारा महाराणा प्रताप तकनीकी एवं कृषि विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सभागार में रविवार को भारत रत्न एवं महान अभियंता मोच कुंडम विश्वसरैया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में अभियंता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर डॉ आर सी पुरोहित ने अभियंता दिवस की भांति ही हिंदी दिवस, पर्यावरण दिवस एवं पृथ्वी दिवस आदि मनाए जाने की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि जनता संगठन अभियंता संगठन प्रदेश में कृषकों के हित के लिए कार्य कर रहा है। संगठन के राजस्थान चौप्टर के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके अग्रवाल ने बताया कि आज विश्वसरैया जी के कदमों पर चलकर हम अभियंताओं को नाम रोशन करना चाहिए तथा एक प्रभावकारी सहयोग समाज को देना चाहिए। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक कृषि अभियंता गांव में जाकर किसानों से जुड़े और किसानों को नवीन तकनीकी से अवगत कराते हुए अवगत कराते हुए उसकी आमदनी को दुगना करना सुनिश्चित करें। यह सत्य है कि कृषि अभियंता एक ऐसा अभियंता है जो

ग्रामीण विकास एवं सामाजिक परिवेश के प्रत्येक पहलू को न केवल बारीकी से समझता है बल्कि ग्रामीणों के सामाजिक सरोकार में परिवर्तन लाने की काबिलियत रखता है। इस अवसर पर डॉक्टर सीपी बोहरा, प्रोफ़ेसर दीपक शर्मा, इंजीनियर हेमंत जोशी, डॉक्टर अभय मेहता, इंजीनियर नरेंद्र माथुर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह का संचालन करते हुए संगठन के राजस्थान चैप्टर के सचिव योगेंद्र गौड़ ने कृषि अभियंता संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 50 से अधिक कृषि अभियंताओं ने भाग लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अंत में धन्यवाद बुद्धि प्रकाश कोईवाल द्वारा ज्ञापित किया गया।

राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान में अलवर के 5 शिक्षकों को मिला सम्मान

संजीवनी टुडे

अलवर। राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह मंगलवार को सामुदायिक केंद्र सेक्टर 8, मानसरोवर जयपुर में संपन्न हुआ। सम्मान समारोह में सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं उत्कृष्ट अन्य उपलब्धियां वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। प्रत्येक जिले से 5 अध्यापकों को सम्मानित किया। प्रत्येक जिले से एक प्रधानाचार्य, एक व्याख्याता,एक वरिष्ठ अध्यापक, एक अध्यापक लेवल-2 एवं एक अध्यापक लेवल प्रथम को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक संघ राधाकृष्णन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक संघ राधाकृष्णन के सभा अध्यक्ष नारायण सिंह पवार ने की। सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षिका सेना की प्रदेश संयोजिका सुनीता भाटी, शिक्षक संघ राधाकृष्णन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील नागर, एवं संगठन के संरक्षक मेघ सिंह चौहान, महामंत्री अमिताभ सनाडय रहे। कार्यक्रम के संयोजक कैलाश सेन जिला अध्यक्ष जयपुर शहर एवं शिक्षिका सेना संयोजिका संगीता टांक थे। कार्यक्रम में अलवर जिले से राधेश्याम मीणा उप प्रधानाचार्य, राजेंद्र बसवाला व्याख्याता (रिटायर्ड), खेमराज मीणा वरिष्ठ अध्यापक, भोली सोलंकी एवं विनीता मोर्या अध्यापिका को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामगोपाल मीणा एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य के 46 जिलों से लगभग 300 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

बेरोजगारी से परेशान युवक ने लगाई फांसी: पढ़ा लिखा होकर भी करता था हम्माली, आर्थिक तंगी से था परेशान

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। बेरोजगारी से परेशान होकर एक युवक ने फांसी का फंदा लगा लिया। युवक कोटा जिले के गोपालपुरा का रहने वाला था, जो चित्तौड़ के सेठिया बाजार में स्थित एक मकान में किराए पर रहता था। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने चार से पांच दिन पहले ही फांसी है कि युवक ने चार से पांच दिन पहले ही फांसी लगा ली थी। जब पूरे इलाके में बदबू आई तो पड़ोसियों ने हर जगह तलाश की। इस दौरान युवक की सड़ी हुई लाश कमरे के छत पर लगी लोहे की एंगल से लटका हुआ मिला।

सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। गोपालपुरा, कोटा निवासी चेतन गौतम (36) चित्तौड़गढ़ शहर के गांधी चौक, सेठिया बाजार में एक दो मंजिला मकान के ऊपरी तल पर रह रहा था। यहां वो किराए पर रहता था। अचानक मोहल्ले ने बदबू फैलना शुरू हुई। मोहल्ले वासियों ने पहले इसे नालियों से आ रही बदबू समझ कर फिनाइल डालकर साफ सफाई की। उसके बाद भी बदबू आती रही। लोगों ने

आसपास की दुकानों के शटर में चूहे फंसने से बदबू आने की संभावना जताई। लोग अलग-अलग कयासों के चलते जब युवक के रूम की गैलरी की तरफ गए तो भयंकर बदबू आई। कमरे में जाकर देखा तो शव छत के लोहे के एंगल में फंदे पर लटका हुआ था। क्षेत्रवासियों ने इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने से एसआई राजाराम, एएसआई अम्बालाल सहित पुलिस जाब्ता पर मौके पर पहुंचा और युवक का शव फंदे से उतार कर जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में पहुंचाया। पुलिस का कहना है फंदे पर लटके शव में कीड़े पड़ गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि शव 4 से 5 दिन पुराना है। पुलिस कर्मियों ने जरूरी फोटोग्राफी की और शव को फंदे से उतार कर नगर परिषद के वाहन की सहायता से जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में पहुंचाया। इसके अलावा कोटा में रह रहे परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा।

पढ़ा लिखा होने के बावजूद नही मिला काम

पिछले 10 महीने से चेतन गांधी चौक के सेठिया बाजार में किराए पर कमरा लेकर रहता था। पिछले दो महीने पहले ही उसने किराए का कमरा बदला था। स्थानीय लोगों का कहना है कि चेतन पढ़ा लिखा होने के साथ ही काफी समझदार और मिलनसार भी था। पढ़ा लिखा होने के बावजूद कोई अच्छी जॉब नही मिलने के कारण हम्माली पढ़ा लिखा होने के बावजूद नही मिला काम पिछले 10 महीने से चेतन गांधी चौक के सेठिया बाजार में किराए पर कमरा लेकर रहता था। पिछले दो महीने पहले ही उसने किराए का कमरा बदला था। स्थानीय लोगों का कहना है कि चेतन पढ़ा लिखा होने के साथ ही काफी समझदार और मिलनसार भी था। पढ़ा लिखा होने के बावजूद कोई अच्छी जॉब नही मिलने के कारण हम्माली का काम करता था। पड़ोसियों का कहना है करीब सप्ताह भर पहले युवक ने बरसात की वजह से काम धंधा ठीक से नहीं चलने की परेशानी बताई थी और कोई ढंग का काम दिलवाने की बात कही थी। ऐसे में काम धंधा न चलने से आर्थिक तंगी से परेशान चल रहा था।

कोटा में धार्मिक जुलूस में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान: तिरंगे पर चांद-सितारे बने थे; मंत्री दिलावर बोले- ऐसे लोग दूषित मानसिकता वाले

संजीवनी टुडे

कोटा। राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला सामने आया है। धार्मिक जुलूस में तिरंगे पर चांद-सितारे बने थे। इसका एक वीडियो सामने आने के बाद हिन्दू संगठन के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। ढाई घंटे चले प्रदर्शन में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा भी पहुंचे और मामला दर्ज करने की मांग की। मामला अनंतपुरा थाना इलाके का शाम करीब 6 बजे का है। डीएसपी चतुर्थ मनीष शर्मा ने बताया- मामले से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। वीडियो अनंतपुरा इलाके से निकल रहे जुलूस का है। इसमें तिरंगे झंडे में चांद-सितारे बने हुए थे। वीडियो पर संज्ञान लिया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा- जो भी आरोपी घटना में शामिल है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव

अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 2 के तहत मामला दर्ज किया है। मंत्री दिलावर ने दिए कार्रवाई के आदेश शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा रेंज आईजी रवि दत्त गौड़ बात की और आरोपियों को चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मदन दिलावर ने कहा- यह देश के खिलाफ कोई साजिश का संकेत देता है। इस घटना से लगता है कि यह लोग दूषित मानसिकता वाले हैं। तिरंगे को अपमानित करने वालो के मंसूबे कभी पूरे नहीं होने दिए जाएंगे। ऐसे असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। सुबह 9 बजे तक कार्रवाई का आश्वासन दिया भाजपा विधायक संदीप शर्मा ने कहा- धार्मिक जुलूस में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हुआ है। यह बहुत गंभीर और चिंतनीय है, इस मामले को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। हिंदू संगठनों ने भी परिवाद दिया है। राष्ट्रीय ध्वज के लिए न जाने कितने जवान शहीद हो जाते हैं। उसका इस तरीके से अपमान होना, ये धर्म विशेष का विषय नहीं है। विधायक ने कहा- उच्च अधिकारियों से बातचीत हुई है। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 बजे तक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जो लोग इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उनको सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के श्रीनाथ मित्तल ने कहा- इस घटना ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया है। हालांकि, पुलिस ने जागरूकता दिखाकर संज्ञान लिया और मामला दर्ज किया। हमारी मांग है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बजरंग दल के प्रांत संयोजक योगेश रेनवाल ने बताया- अनंतपुरा इलाके में धार्मिक जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में एक युवक के हाथ में बड़ा सा राष्ट्रीय ध्वज था। ध्वज में एक हिस्से में चांद तारे बने हुए थे। युवक उस ध्वज को जुलूस में लहरा रहा था। इसका वीडियो सामने आया है। उन्होंने कहा- जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया है। भारतीय ध्वज संहिता 2002 के सहित कई अधिनियमों का उल्लंघन है। हमारी मांग है कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोग और आयोजकों के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए।

इनका कहना यह है

जिस प्रकार कृत्य हुआ है ये देशद्रोह का कृत्य है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संदीप शर्मा विधायक, कोटा दक्षिण

वीडियो में नजर आ रहा है कि तिरंगे पर चांद- सितारे लगे थे। मामले को लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

मनीष शर्मा डीएसपी चतुर्थ, कोटा

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारम्भ का जिला स्तरीय कार्यक्रम 17 को नगर परिषद ऑडिटोरियम में आयोजित

संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत जिला और पंचायत स्तरीय समारोह, स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 17 सितम्बर को नगर परिषद ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता" की थीम पर प्रदेश एवं देशभर में स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा एवं 2 अक्टूबर को "स्वच्छ भारत दिवस" मनाया जायेगा। मंगलवार 9 बजे नगर परिषद ऑडिटोरियम में वीसी के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारम्भ के दौरान माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा लाइव संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिलेभर में 15 दिवसीय पखवाडे के तहत विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि इस कार्यक्रम में सभी बढ़चढ़ कर भाग लें, जनभागीदारी सुनिश्चित करें एवं व्यापक प्रचार कर इस कार्यक्रम को सफल बनायें। इसके पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2024-25 हेतु आवंटित लक्ष्यानुसार पात्र परिवारों को स्वीकृति जारी कर प्रथम किश्त जारी कराने एवं गृह प्रवेश समारोह आयोजित करने के क्रम में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस दौरान रोजगार उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअली संवाद करेंगे एवं उन्हें संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल एवं रोजगार अधिकारी को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवनियुक्त कार्मिकों का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण करने के साथ उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा साथ ही नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान की जायेगी। इसके पश्चात माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जायेगा।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

नोटा के प्रति बढ़ते रुझान से सहम गये हैं सभी राजनीतिक दल

चुनाव से संबंधित एक अच्छा समाचार सुनने को मिला है। महाराष्ट्र चुनाव आयोग आदेश दिया है कि सभी निकाय चुनाव में यदि नोटा को सबसे अधिक मत मिलते हैं, तो चुनाव स्थगित करके दोबारा चुनाव कराया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त जेएस सहरिया ने कहा कि वे नोटा की सहायता से चुनाव प्रक्रिया को बेहतर करने की उम्मीद कर रहे हैं और ऐसा मतदाताओं की बढ़ी हुई भागीदारी से होगा। नोटा राजनीतिक दलों को योग्य प्रत्याशियों को उतारने के लिए मजबूर करेगा। हमने निश्चय किया कि इसे बदला जाए और नोटा को अधिक प्रभावी बनाया जाए। चुनाव अधिकारियों ने कहा है कि संशोधित नोटा नियम अगले वर्ष के लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए भी प्रभावी हो सकते हैं, बशर्ते भारतीय चुनाव आयोग इस प्रकार का संशोधन करे। अभी तक की स्थिति के अनुसार नोटा नियम स्थानीय निकाय चुनावों के लिए लागू हैं, क्योंकि हमने धारा-243 के अंतर्गत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए परिवर्तन कर दिए हैं। चुनाव आयोग धारा-324 के अंतर्गत ऐसे परिवर्तन कर सकता है। वैसे ये अपने आप में ऐतिहासिक निर्णय है। निकाय चुनाव में मतदाता कम होते हैं और वे प्रत्याशियों के गुण-दोषों को भी भली-भांति जानते हैं। ऐसे में नोटा के मत अधिक होने पर चुनाव स्थगित करके दोबारा चुनाव कराया जाएगा। ऐसी परिस्थिति में राजनीतिक दलों का प्रयास रहेगा कि वे योग्य प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारें। देश में पिछले कई वर्षों से नोटा लागू है, परंतु लोकसभा और विधानसभा चुनावों में नोटा को अधिक मत मिलने पर चुनाव रद्द करने संबंधी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले बहुत समय से यह मांग उठती रही है कि नोटा को अधिक मत मिलने पर चुनाव को स्थगित करके दोबारा चुनाव कराए जाएं।

नोटा का अर्थ है नन ऑफ द एबव अर्थात इनमें से कोई नहीं। जो मतदाता प्रत्याशी के भ्रष्ट, अपराधी होने या ऐसे ही किसी अन्य कारण से उन्हें मत न देना चाहें तो वे नोटा का बटन दबा सकते हैं। इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन में यह बटन गुलाबी रंग का होता है, जो स्पष्ट दिखाई देता है। उल्लेखनीय है कि देश में वर्ष 2015 में नोटा लागू हुआ था। वर्ष 2009 में चुनाव आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल कर कहा था कि वह इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन में नोटा का विकल्प उपलब्ध कराना चाहता है, ताकि जो मतदाता किसी भी प्रत्याशी को मत न देना चाहें, वे इसे दबा सकें। इसके पश्चात नागरिक अधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज ने भी सर्वोच्च न्यायालय में नोटा के समर्थन में एक जनहित याचिका दायर कर नोटा को लागू करने की मांग की। इस पर वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प उपलब्ध कराने का निर्णय किया। तत्पश्चात निर्वाचन आयोग ने दिसंबर 2013 के विधानसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में नोटा बटन का विकल्प उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया था कि नोटा के मतों की गणना की जाएगी, परंतु इन्हें रद्द मतों की श्रेणी में रखा जाएगा। इसका अर्थ यह हुआ कि नोटा से चुनाव परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वर्ष 2013 में देश में पहली बार चुनाव में नोटा का प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्व के अनेक देशों में चुनावों में नोटा का प्रयोग किया जाता है। इनमें बांग्लादेश, यूनान, यूक्रेन, स्पेन, स्वीडन, चिली, फ्रांस, बेल्जियम, कोलंबिया, ब्राजील, फिनलैंड आदि देश सम्मिलित हैं।

वास्तव में नोटा मतदाताओं को प्रत्याशियों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया देने का विकल्प उपलब्ध कराता है। नोटा के मतों की भी गणना की जाती है। नोटा से पता चलता है कि कितने मतदाता किसी भी प्रत्याशी से प्रसन्न नहीं हैं। वे चुनाव में खड़े किसी भी प्रत्याशी को इस योग्य नहीं समझते कि वे उसे अपना प्रतिनिधि चुन सकें। नोटा के विकल्प से पूर्व मतदाता को लगता था कि कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं है, तो वह मतदान का बहिष्कार कर देता था और मत डालने नहीं जाता था। इसी स्थिति में वह मतदान के अपने मौलिक अधिकार से स्वयं को वंचित कर लेता था। इसके कारण उसका मत भी निरर्थक हो जाता था। परंतु नोटा ने मतदाताओं को प्रत्याशियों के प्रति अपना मत प्रकट करने का अवसर दिया है। देश में नोटा के प्रति लोगों में अधिक जागरूकता नहीं है। आज भी अधिकतर मतदाता नोटा के विषय में नहीं जानते। नोटा लागू होने के पश्चात देश में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के कई चुनाव हो चुके हैं, परंतु नोटा के अंतर्गत किए गए मतदान की दर मात्र 2 से 3 प्रतिशत ही रही है। विशेष बात ये है कि इनमें अधिकांश वो क्षेत्र हैं, जो नक्सलवाद से प्रभावित हैं या फिर आरक्षित हैं।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

धराशाई होता स्वच्छता अभियान

सरकार द्वारा गत छः वर्षों से जिस स्वच्छता अभियान का बिगुल बजाया जा रहा था,जिस स्वच्छता अभियान के नाम पर अब तक हज़ारों करोड़ रूपये ख़र्च किये जा चुके,जिस महत्वाकांक्षी योजना के लिए अनेक नामचीन हस्तियों को ब्रांड अम्बेस्डर बनाया गया और देश को यह दिखाने की कोशिश की गयी कि देश में पहली बार इसी सरकार ने सफ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाई है, आख़िर आज छः वर्षों बाद वह अभियान कहां तक पहुंचा है ? जिस तरीक़ेसे स्वच्छता अभियान का ढिंढोरा पीटा जा रहा था उसे देखकर तो ऐसा ही लग रहा था गोया अब हमारा देश विश्व के सबसे स्वच्छ कहे जाने वाले चंद गिने चुने देशों की पंक्ति में जा खड़ा होगा। परन्तु हक़ीक़त तो ठीक इसके विपरीत है। इस ख़र्चीले स्वच्छता अभियान के शुरू होने से पहले सफ़ाई को लेकर शहरों के जो हालात थे आज उससे भी बदतर स्थिति देखी जा रही है।

उदाहरण के तौर पर केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली हरियाणा सरकार ने भी स्वच्छता अभियान के नाम पर जिस क़द्र ढोल पीटा था वह आज महज़ तमाशा बन कर रह गया है। पूरे राज्य में कूड़ा रखने के लिए प्लास्टिक की दो दो बाल्टियां बांटी गयीं थीं। यह निश्चित रूप से जनता के पैसे की बर्बादी थी। इस 'सरकारी बाल्टी' वितरण से पहले भी जनता आख़िर अपने अपने घरों में कूड़ेदान का इस्तेमाल तो करती ही थी ? परन्तु बिना सोचे समझे करोड़ों रूपये बाल्टी के मद पर ख़र्च कर दिए गए। शहरों व क़स्बों में अनेक स्थानों पर स्टील,प्लास्टिक अथवा टीन के कूड़ेदान लगाए गए। आज लगभग वह सभी कूड़ेदान नदारद हैं। घरों से कूड़ा इकठ्ठा करने के लिए निजी ठेकेदारों को ठेके दिए गए थे। कुछ ही दिनों तक घरों से कूड़ा उठाने का सिलसिला चला होगा कि कूड़ा इकठ्ठा करने वाले कर्मचारियों ने आना बंद कर दिया। पूछने पर पता चला कि उन्हें ठेकेदार पैसे नहीं दे रहा है। ऐसा इसलिए कि सरकार ठेकेदार को पैसे नहीं दे रही है। बमुश्किल यह योजना कुछ ही समय तक चली। सरकार ने कूड़ा इकठ्ठा करने के नाम पर जनता से पैसों की वसूली भी शुरू कर दी जो आज भी जारी है। परन्तु अब जो व्यक्ति कूड़ा इकठ्ठा करने घर घर जाता है वह पचास रूपये प्रति माह प्रत्येक घरों से वसूल करता है। और सरकार न जाने किस मद का पैसा इसी कूड़ा संग्रहण के नाम पर ले रही है।

इसी प्रकार जहाँ तक नाली व गली मोहल्ले की सफ़ाई का प्रश्न है तो सरकार इस मोर्चे पर भी पूरी तरह नाकाम है। नालियों की सफ़ाई करने व कूड़ा उठाने के लिए जो नगर निगम सफ़ाई कर्मचारी नियमित रूप से प्रतिदिन या एक दो दिन छोड़ कर आया करते थे अब उन्होंने लगभग बिल्कुल ही आना बंद कर दिया है। एक सफ़ाई निरीक्षक ने बताया कि जहां 50 सफ़ाई कर्मियों की ज़रुरत है वहां मात्र 23 कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। ऐसा क्यों है ?यह पूछने पर जवाब मिला की सरकार नए सफ़ाई कर्मियों की भर्ती नहीं कर रही है। यह भी पता चला की अक्सर इन मेहनतकश सफ़ाई कर्मचारियों की कई कई महीने की तनख़्वाहें भी रुकी रहती हैं। इस स्थिति में यदि आप अपने गली मोहल्ले की नाली की सफ़ाई कराना चाहें तो आपको नगर निगम या नगर परिषद् /पालिका को फ़ोन कर अपनी सफ़ाई संबंधी शिकायत लिखानी पड़ेगी। उसके बाद 2 दिन से लेकर 15 -20 दिनों के बीच आपकी शिकायत पर अमल होने की संभावना है। यदि कोई सफ़ाई कर्मचारी इतने लंबे समय बाद आकर नाली का कचरा निकाल कर नाली के बाहर ही छोड़ देगा। इसके बाद आपको उस निकले हुए कचरे को उठाने के लिए पुनः शिकायत लिखानी पड़ेगी। फिर इसी तरह दस पंद्रह दिन बाद शायद कोई वाहन आकर कूड़ा उठा ले जाए। पहले नगरपालिकाओं व निगमों में दो पहिया वाली गाड़ियां होती थीं जो नियमित रूप से गली मोहल्ले में जाकर कूड़ा उठाने में इस्तेमाल होती थीं। अब वह गाड़ियां भी समाप्त गयी हैं। जब कर्मचारियों से पूछा जाता है कि वे नियमित रूप से कूड़ा उठाने या नालियां साफ़ करने क्यों नहीं आते तो जवाब मिलता है कि वे वहीं जा सकते हैं जहाँ जाने का आदेश होगा। ज़ाहिर है गांव से लेकर क़स्बे शहरों और महानगरों तक हर जगह चूंकि संपन्न या तथाकथित विशिष्ट लोगों के मुहल्लों या इलाक़ों की सफ़ाई प्राथमिकता के आधार पर होती है लिहाज़ा इनकी ड्यूटी भी प्राथमिकता के आधार पर उन्हीं इलाक़ों में लगती है।

नालों व नालियों की नियमित सफ़ाई न हो पाने का ही नतीजा है कि मामूली सी बरसात में भी सभी नाले-नाली ओवर फ़्लो हो जाते हैं। परिणामस्वरूप नालियों का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। केवल नाले नालियां ही नहीं बल्कि सीवर लाइन भी पूरी तरह जाम पड़ी हुई है। संबंधित अधिकारियों से यदि आप शिकायत करें तो भी कोई सुनवाई करने वाला नहीं। ज़रा सी बारिश में सीवर के मेनहोल भी ओवर फ़्लो हो जाते हैं और इनका गन्दा बदबूदार पानी लोगों के घरों में भी वापस जाता है और इनके मेन होल के ढक्कनों से भी निरंतर निकलता रहता है।कई सीवर मेनहोल तो ऐसे भी हैं जहाँ बिना बारिश हुए भी गन्दा पानी हर समय बाहर निकलता रहता है। मगर सरकार है कि उसे अपनी पीठ थपथपाने से ही फ़ुर्सत नहीं मिलती। सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के नाम पर पूरे देश में शौचालयों का निर्माण कराया गया था। आज उन शौचालयों की स्थिति कितनी दयनीय है यह देखा जा सकता है। यह बताने की ज़रुरत नहीं कि ठेके पर निर्मित शौचालयों के निर्माण में 'राष्ट्र भक्त' ठेकेदारों द्वारा संबध अधिकारियों की मिलीभगत से किस तरह की सामग्री का प्रयोग किया जाता है।

आज फिर लगभग सभी शहरों में जगह जगह कूड़े के ढेर दिखाई देने लगे हैं। गोवंश,सूअर व कुत्ते आदि उन कूड़े के ढेरों की न केवल शोभा बढ़ा रहे हैं बल्कि उन्हें चारों ओर बिखेरते भी रहते हैं। एक ओर तो सरकार के पास नए सफ़ाई कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए धन की कमी है। यहां तक कि सरकार अपने वर्तमान कर्मचारियों को सही समय पर वेतन भी नहीं दे पाती। इन हालात में बड़े बड़े पार्कों व गोल चक्कर तथा तालाब आदि के जीर्णोद्धार के नाम पर अंधादुंध पैसे ख़र्च करने का आख़िर क्या औचित्य है? और वह भी ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर धौलपुरी से लेकर ग्रेनाइट के पत्थरों तक के इस्तेमाल पर सैकड़ों करोड़ रूपये ख़र्च करदेना ? जनता को गंदगी से निजात दिलाना,नए सफ़ाई कर्मियों की भर्ती करना,नगर पालिका व निगमों में कूड़ा उठाने वाली छोटी गाड़ियां ख़रीदना,समय पर सफ़ाई सेनानियों को वेतन देना,नियमित रूप से नालों व गली मोहल्ले की नालियों की सफ़ाई कराना आदि सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक जनता को अस्वछता के वर्तमान वातावरण से मुक्ति नहीं मिलती तब तक सरकार के स्वच्छता अभियान को धराशाई हुआ ही समझना चाहिए।

विचार बिन्दु

निर्मल रानी

आज फिर लगभग सभी शहरों में जगह जगह कूड़े के ढेर दिखाई देने लगे हैं। गोवंश,सूअर व कुत्ते आदि उन कूड़े के ढेरों की न केवल शोभा बढ़ा रहे हैं बल्कि उन्हें चारों ओर बिखेरते भी रहते हैं। एक ओर तो सरकार के पास नए सफ़ाई कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए धन की कमी है। यहां तक कि सरकार अपने वर्तमान कर्मचारियों को सही समय पर वेतन भी नहीं दे पाती। इन हालात में बड़े बड़े पार्कों व गोल चक्कर तथा तालाब आदि के जीर्णोद्धार के नाम पर अंधादुंध पैसे ख़र्च करने का आख़िर क्या औचित्य है ?

तुलसी जी का भगवान विष्णु से क्यों होता है विवाह ? जानिये पूरी कथा



दिवाली के बाद अगर कोई त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है तो वह है ग्यारस। दिवाली के ग्यारहवें दिन इस दिन को लेकर धूम होती है। इस उत्सव को लेकर भी कई तरह की मान्यताएं हैं। जिनमें से एक है तुलसी-शालिग्राम विवाह। ग्यारस को बुंदेलखंड में गन्ना ग्यारस के नाम से भी जाना जाता है। वहीं इस त्योहार पर तुलसी विवाह वैसे ही विधि-विधान से आयोजित किया जाता है जैसे कि आमतौर पर विवाह की परंपराएं निभायी जाती हैं।

ग्यारस पर तुलसी विवाह के लिए गन्ने का मंडप बनाया जाता है। जिसके नीचे तुलसी के पेड़ को दुल्हन का रूप दिया जाता है। तत्पश्चात विवाह के अन्य विधान शुरु होते हैं। इस दिन दूल्हा बनते हैं भगवान विष्णु का ही रूप जिसे शालिग्राम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि तुलसी-शालिग्राम के इस रूप के दर्शन करने से मनुष्य के सभी दुख एवं दोषों का अंत होता है। साथ ही बुरी व अपवित्र शक्तियों का घर में प्रवेश नहीं होता।

इस त्योहार को लेकर कथा प्रचलित है कि वृंदा जो कि भगवान विष्णु की अनन्य भक्त थीं, किंतु उसका पति राक्षसी प्रवृत्ति का होने की वजह से संसार को विजित करना चाहता था। इसलिए उसने संसार पर अत्याचार करने प्रारंभ कर दिए। समस्त लोकों को उसने त्रस्त कर दिया। देव, मानव, किन्नर सभी प्रताड़ित हो उठे, हर ओर हाहाकार मच गया। तब श्री विष्णु व शिव ने उसका वध करने का निर्णय किया। किंतु वृंदा के पुण्य प्रताप से ऐसा करना संभव नहीं था, अतः भगवान विष्णु ने वृंदा के पति का रूप धारण कर उसे स्पर्श कर पूजा में विघ्न डाल दिया और भगवान शंकर ने उसका वध कर दिया। सच्चाई जानकर वृंदा क्रोधित हो उठी और भगवान विष्णु को पाषाण बनने का श्राप दिया। इससे समस्त देव विलाप करने लगे। माता लक्ष्मी के कहने पर वृंदा ने भगवान विष्णु को श्राप मुक्त किया, किंतु ऐसी मान्यता है कि तभी से तुलसी-शालिग्राम के विवाह की परंपरा चल पड़ी। माता तुलसी वृंदा का ही रूप हैं और शालिग्राम विष्णु का वही पाषाण रूप। वृंदा की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उसे सदा अपने साथ पूजे जाने का आशीर्वाद प्रदान किया। यही वजह है कि ग्यारस पर दोनों के विवाह की परंपरा है, जबकि किसी भी शुभ कार्य में तुलसी के पत्ते को शामिल किया जाता है जिसके बाद वहां पवित्रता का संचार होना स्वीकार किया जाता है। तुलसी की पवित्रता और पतिव्रत धर्म का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है।

17 सितम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1948	हैदराबाद रियासत का भारत में विलय।
1949	दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) की स्थापना।
1974	बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल।
1982	भारत और सिलोन(श्रीलंका) के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
1995	चीन की राजधानी बीजिंग में ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत अंतिम चुनाव सम्पन्न।
1956	भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन।
1957	मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1999	ओसामा बिन लादेन का भारत के विरुद्ध जेहाद का ऐलान।
2000	जाफना प्रायःद्वीप का चवाक छेड़ी शहर लिट्टे से मुक्त।
2001	अमेरिका ने स्पष्ट किया कि कश्मीर पर पाक के साथ कोई सौदेबाजी नहीं।
2002	इराक ने संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों को बिना शर्त देश में आने की अनुमति दी।
2004	यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
2006	हवाना में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का शिखर सम्मेलन शुरू। भारतीय वायु सेना की स्पेशल फ़ोर्स यूनिट गरुड़ कमांडो कांगो के शांति मिशन पर रवाना।

मनुवाद, ब्राह्मणवाद, जातिवाद के विरोधी थे राष्ट्रवादी राजनेता ई.वी. रामास्वामी पेरियार

विचार बिन्दु

पन्नालाल मेघवाल
वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार

यूनेस्को ने एक उद्धरण में उन्हें 'अज्ञानता, अंधविश्वास एवं रूढ़िवादिता का विरोधी, नए युग का पैगम्बर, दक्षिण पूर्व एशिया का सुकरात एवं समाज सुधार आन्दोलन का पितामह कहा था।'

ई.वी. रामास्वामी पेरियार तमिल राष्ट्रवादी राजनेता, समाज सुधारक, गरीबों, शोषितों एवं दलितों के मसीहा थे। उनके प्रशंसक उन्हें आदर के साथ 'पेरियार' संबोधित करते थे। उन्होने 'आत्म सम्मान आन्दोलन' प्रारंभ किया जिसे 'द्रविड़ आन्दोलन' कहा जाता है। उन्होंने 'जस्टिस पार्टी' का गठन किया जिसे 'द्रविड़ कड़गम' पार्टी कहा जाता है। ई.वी. रामास्वामी पेरियार का पूरा नाम इरोड वेंकट नायकर रामास्वामी पेरियार था। उनका जन्म 17 सितंबर 1879 को इरोड, तमिलनाडु में एक परम्परावादी सम्पन्न हिन्दू परिवार में हुआ। उनके पिता वेंकतप्पा नायडू एक धनी व्यापारी थे। वे सन् 1885 में इरोड प्राथमिक विद्यालय में पाँच साल की प्राथमिक शिक्षा के बाद पिता के व्यवसाय से जुड़े। उन्होंने इरोड के नगर निगम के अध्यक्ष पद पर कार्य करते सामाजिक उत्थान कार्यों को बढ़ावा दिया। रामास्वामी पेरियार सन् 1904 में काशी यात्रा के दौरान एक दिन भूख लगने पर ब्राह्मणों के लिए निःशुल्क भोजन पंडाल पर गए। वहां उन्हें धक्का मारकर निकाला और अपमानित किया। उसके बाद में वे रुढ़िवादी हिन्दुत्व के घोर विरोधी हो गए। इसके बाद उन्होंने किसी भी धर्म को नहीं स्वीकारा और आजीवन नास्तिक रहे। उन्होंने सन् 1916 में राजनैतिक संस्था 'साउथ इंडियन लिबरेशन एसोसिएशन' की स्थापना की। इसका उद्देश्य था ब्राह्मण समुदाय के आर्थिक एवं राजनैतिक शक्ति का विरोध तथा गैर-ब्राह्मणों का सामाजिक उत्थान करना। यह संस्था बाद में 'जस्टिस पार्टी' बन गयी। जनसमूह का समर्थन हासिल करने के लिए गैर-ब्राह्मण राजनेताओं ने गैर-ब्राह्मण जातियों में समानता की विचारधारा को प्रसारित-प्रचारित किया। सन् 1919 में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की पहल पर वे कांग्रेस के सदस्य बने। उन्होंने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए। सन् 1922 के तिरुपुर सत्र में वे मद्रास प्रेसीडेंसी कांग्रेस समिति के अध्यक्ष बने। उन्होंने सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा क्षेत्र में आरक्षण की वकालत की। सन् 1925 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। केरल के वैकोम में अस्पृश्यता के कड़े नियम थे जिसके अनुसार किसी भी मंदिर के आस-पास वाली सडक पर दलित एवं हरिजन वर्जित थे। केरल कांग्रेस नेताओं के आग्रह पर पेरियार ने वैकोम आन्दोलन का नेतृत्व किया। यह आन्दोलन मन्दिरों की ओर जाने वाली सड़कों पर दलितों के चलने पर रोक के विरुद्ध था। इस आन्दोलन में उनकी पत्नी और मित्रों ने भी उनका साथ दिया। पेरियार और उनके समर्थकों ने समाज से असमानता कम करने के लिए अधिकारियों और सरकार पर सदैव दबाव डाला। 'आत्म सम्मान आन्दोलन' का मुख्य उद्देश्य गैर-ब्राह्मण द्रविड़ों को उनके सुनहरे अतीत पर अभिमान कराना था। पेरियार ने 'आत्म सम्मान आन्दोलन' के प्रचार-प्रसार पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया। आन्दोलन के प्रचार के लिए सन् 1925 में तमिल साप्ताहिकी 'कुडी अरासु' एवं सन् 1928 में अंग्रेजी जर्नल 'रिवोल्ट' का प्रकाशन प्रारंभ किया। सन् 1944 में पेरियार ने जस्टिस पार्टी का नाम बदलकर 'द्रविड़ कड़गम' कर दिया। द्रविड़ कड़गम का प्रभाव शहरी लोगों और विद्यार्थियों पर था। ग्रामीण क्षेत्र भी इसके सन्देश से अछूते नहीं रहे। हिंदी-विरोध और ब्राह्मण रीति-रिवाज़ और कर्म-कांड के विरोध पर सवार होकर द्रविड़ कड़गम ने तेज़ी से पाँव जमाये। द्रविड़ कड़गम ने दलितों में अश्पृश्यता के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया और अपना ध्यान महिला-मुक्ति, महिला शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर केन्द्रित किया। ई.वी. रामास्वामी पेरियार अज्ञानता, अंधविश्वास, कुरीतियों एवं रूढ़िवादिता के घोर विरोधी थे। वे आजीवन रुढ़िवादी हिन्दुत्व का विरोध करते रहे। उन्होंने बाल विवाह एवं देवदासी प्रथा का विरोध किया वहीं विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। उन्होंने महिलाओं एवं दलितों के शोषण तथा जाति व्यवस्था का खुलकर विरोध किया। उन्होंने भारतीय समाज के गरीब, शोषित एवं दलित वर्ग के लिए आजीवन कार्य किया। उन्होंने मनुवाद एवं ब्राह्मणवाद पर करारा प्रहार किया। उन्होंने तर्कवाद, आत्म सम्मान एवं महिला अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे जाति प्रथा के घोर विरोधी थे। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, छुआछूत एवं सामाजिक असमानता के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उनके कार्यों से भारतीय समाज खासतौर पर तमिल समाज में बहुत परिवर्तन आया और जातिगत भेद-भाव बहुत हद तक कम हुआ। यूनेस्को ने एक उद्धरण में उन्हें 'अज्ञानता, अंधविश्वास एवं रूढ़िवादिता का विरोधी, नए युग का पैगम्बर, दक्षिण पूर्व एशिया का सुकरात एवं समाज सुधार आन्दोलन का पितामह कहा था।'

शाकाहार

शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

हैल्थ संवाददाता

स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम

शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

शाक से मिलता है प्रोटीन

शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

कौन सा विटामिन पाएं कहां से

विटामिन 'ए': (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

विटामिन बी 1: (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

विटामिन बी2: (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

विटामिन बी 6: (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

विटामिन बी 12: (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

विटामिन सी: (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

विटामिन- डी: (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

विटामिन ई: (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की

शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।

शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।

शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।

कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।

20 सितंबर को लॉन्च होगा 'वेट्टैयन' का ऑडियो...

मुंबई। सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन' का निर्देशक टीजे ज्ञानवेल कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं। बीते दिनों मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया। यह फिल्म 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। ऑडियो लॉन्च 20 सितंबर को होगा। लाइका प्रोडक्शंस के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके साथ लिखा है, 'अपने कैलेंडर में तारीख पर निशान लगा लीजिए। फिल्म 'वेट्टैयन' का ऑडियो लॉन्च और प्रिव्यू इवेंट 20 सितंबर नेहरू स्टेडियम में शाम छह बजे से होगा। सितारों से सजी एक शाम के लिए तैयार रहिए'। 'वेट्टैयन' का निर्देशक टीजे ज्ञानवेल कर रहे हैं।

लाइफ Style

ऐश्वर्या काफी मायने रखता है ये सम्मान

साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स में ऐश्वर्या राय ने मुख्य किरदार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलोचक) का पुरस्कार जीता। उन्हें ये पुरस्कार पोन्नियिन सेलवन 2 के लिए दिया गया। इस फिल्म में उन्होंने दोहरी भूमिका (नंदिनी और मंदाकिनी देवी)अदा की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस खास मौके पर ऐश्वर्या राय को भाषण देते हुए भी सुना गया। इस दौरान उनकी बेटी आराध्या भी समारोह में मौजूद थी। उन्होंने कहा कि मुझे पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। ये मेरे लिए काफी मायने रखता है, क्योंकि ये फिल्म मेरे दिल के बहुत नजदीक थी। पोन्नियिन सेलवन, जिसे मेरे गुरु मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया था। इसमें नंदिनी के रूप में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए मेरे काम को सम्मानित किया जाना वाकई में फिल्म की पूरी टीम के काम का जश्न मनाने जैसा है। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स का आयोजन दुबई में किया गया। ऐश्वर्या राय को कबीर खान के हाथों पुरस्कार मिला।

इस दौरान आराध्या अपने फोन में इस पल को कैद करती हुई दिखाई दी। समारोह के दौरान ऐश्वर्या रेड कार्पेट पर भी चली थी और विजेताओं की घोषणा के दौरान अपनी बेटी के साथ पहली पंक्ति में बैठी हुई थी। ऐश्वर्या ने पोन्नियिन सेलवन में साथ काम करने वाले अभिनेता विक्रम से भी मुलाकात की। विक्रम ने ऐश्वर्या और आराध्या के साथ तस्वीर भी खिंचाई।



हॉलीवुड मसाला

मां को दिया जीत का श्रेय...

लॉस एंजिल्स। अभिनेत्री एन्ना सवाई ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा अभिनेत्री एमी पुरस्कार जीतने वाली पहली एशियाई कलाकार बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 'शोगुन' शो में अपनी दमदार उपस्थिति के लिए प्रतिष्ठित ड्रामा सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला है। एन्ना ने जेनिफर एनिस्टन, कैरी कून, माया एरिकन, इमेल्डा स्टॉन्टन और रीज विदरस्पून को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता है। उन्होंने कहा, 'मेरी टीम को धन्यवाद और मेरे परिवार को धन्यवाद। मां, मैं तुमसे प्यार करती हूं। तुम्हारी वजह से ही मैं यहां हूं।

प्रिंसेस डायना का रोल निभाना मेरा सौभाग्य

लॉस एंजिल्स। ऑस्ट्रेलियन अभिनत्री एलिजाबेथ की यह पहली एमी ट्रॉफी है, जो 'द क्राउन' में प्रिंसेस डायना का किरदार खूबसूरती से निभाने के लिए मिली है। उन्हें सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला है। बता दें कि डेबिकी ने इस सीरीज के आखिरी दो सीजन के दौरान प्रिंसेज डायना का रॉयल किरदार निभाया था। यह किरदार अदा करने को लेकर अभिनेत्री ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'एक शानदार शख्सियत पर आधारित इस किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। यह भूमिका निभाना मेरे लिए तोहफा है'। उन्होंने एमी से पुरस्कृत होने को सोने पर सुहागा बताया। पुरस्कार मिलने के बाद एलिजाबेथ डेबिकी ने सभी का आभार जताया और जिस वक्त वे अपनी खुशी का इजहार कर रही थीं उनकी आवाज में वह भावनाएं झलक रही थीं।



रैंप पर ब्राइडल लुक में आईं नजर...

नई दिल्ली। टीवी अभिनेत्री हिना खान इन दिनों कैंसर से जंग लड़ रही हैं, लेकिन उनकी हिम्मत और हौसला देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। अपने इलाज के बीच, हिना को हाल ही में एकता कपूर की गणेश पूजा में देखा गया, जिसमें कई अन्य हस्तियां भी शामिल हुईं। इसके अलावा अब हिना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह ब्राइडल लुक में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। हिना खान इस समय सबसे प्रेरणादायक अभिनेत्रियों में से एक हैं, क्योंकि उन्होंने अपने ब्रेस्ट कैंसर का खुलासा किया है। अभिनेत्री स्टेज 3 पर हैं और उनका इलाज चल रहा है। खैर, इससे उनका हौसला कम नहीं हुआ है और वह अपने काम को जारी रखे हुए हैं। ऑनलाइन एक लुक उनका सामने आया है, जिसमें हिना पूरे आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं।

'धूम-4' में विलेन बनकर आ रहे हैं सूर्या!

मुंबई। हिंदी सिनेमा की पॉप्युलर फ्रैंचाइज 'धूम' के चौथे पार्ट की खबरें आ रही हैं। अभिषेक बच्चन के नए लुक और साउथ एक्टर सूर्या के फिल्म में होने की अटकलों ने फैंस को उत्साहित कर दिया है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सूर्या विलेन का रोल निभा सकते हैं। हिंदी सिनेमा की सबसे पॉप्युलर फ्रैंचाइज फिल्म 'धूम' के तीन पार्ट आ चुके हैं। और अब इसके चौथे पार्ट के आने की खबरें तेज हो गई हैं। 'धूम 4' का हल्ला हाल ही में तब हुआ, जब अभिषेक बच्चन की एक फोटो वायरल हुई, जिसमें वह एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे थे। सेलेब्स के हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। साथ ही अब इसमें साउथ एक्टर सूर्या के होने की भी बातें सोशल मीडिया पर हो रही हैं। लोग कयास लगा रहे हैं कि वह इस मूवी में दिखाई देंगे।

टीवी मसाला



बिग बॉस 18 के पहले प्रतिभागी के नाम पर लगी मुहर...

नई दिल्ली। एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि निया शर्मा की बिग बॉस 18 में एंट्री हो गई है। निया शर्मा मनोरंजन जगत की एक चर्चित हस्ती हैं और कई रिएलिटी शो में नजर आ चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निया शर्मा पहली प्रतियोगी है, जिसके नाम की पुष्टि हो गई है। उन्हें हर साल बिग बॉस में आने के लिए न्यौता मिलता था, लेकिन कभी बात नहीं बन पाई थी और आखिरकार शो के 18वें सीजन में वो दिखाई देंगी।

निया इन दिनों कलर्स पर प्रसारित हो रहे कॉमेडी-कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ्स' में नजर आ रही हैं। इस शो में मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह भी लोगों को गुदगुदा रही है। बता दें कि निया शर्मा 'खतरों के खिलाड़ी-मेड इन इंडिया' शो को जीत चुकी हैं। अब देखना होगा कि बिग बॉस 18 में वो क्या कमाल दिखाती है। बताते चलें कि स्त्री 2 फिल्म में सरकटा का रोल करने वाले सुनील कुमार के शो में शामिल होने की अफवाह उड़ रही है।

मदालसा ने इस वजह से छोड़ा 'अनुपमा' शो, अभिनेत्री ने किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। टीवी शो अनुपमा को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। इस शो से कई किरदारों ने घर-घर में काफी लोकप्रियता हासिल की है। इन्हीं में से एक नाम मदालसा शर्मा का भी है। धारावाहिक में काव्या के रूप में वह दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाने में कामयाब रहीं। हालांकि, अब वह इस शो को अलविदा कह चुकी हैं। उन्होंने इसकी वजह का खुलासा करते हुए कहा, 'जब शो 2020 में शुरू हुआ था इसके तो तीन मुख्य किरदार अनुपमा (रूपाली गांगुली), वनराज (सुधांशु पांडे) और काव्या थे। यह काव्या ही थी, जिसने अनुपमा के जीवन को उथल-पुथल कर दिया था और सभी के लिए चीजें बदल दी थीं।' मेरे किरदार में जबरदस्त विकास हुआ, लेकिन पिछले एक साल में मुझे लगा कि कहानी वनराज, काव्या और अनुपमा से आगे बढ़ गई है। उन्होंने आगे कहा, मेरे किरदार में ज्यादा मसाला या आग नहीं बची थी। अगर काव्या ने पहले जैसा वो किरदार निभाना जारी रखा होता तो मैं इस शो का हिस्सा बनी रहती।

दस साल की उम्र में विवेक ने घर-घर जाकर बेचा परफ्यूम

नई दिल्ली। विवेक ओबेरॉय बॉलीवुड के प्रतिभावान अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी उद्यमशिलता के लिए भी जाने जाते हैं। अभिनेता ने रियल स्टेट के अलावा कई कंपनियों की स्थापना भी की है। हाल ही में उन्होंने अपने पिता का आभार जताया कि उन्होंने उनके अंदर एक बिजनेसमैन की मानसिकता बचपन से ही पैदा की। अभिनेता ने साझा किया कि किस तरह से उनके पिता ने उन्हें बचपन में सीख दी। उन्होंने कहा, 'मैं लगभग 10 साल का था जब मेरे पिता ने मुझसे कहा कि हम एक महीने में छुट्टी पर जाएंगे, लेकिन उससे पहले, वह मुझे पहले चार हफ्तों में कुछ सिखाएंगे। उन्होंने मुझे एक डायरी रखने और मेरे लिए खरीदे गए परफ्यूम की सूची को ट्रैक करने के लिए कहा। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं जो भी परफ्यूम उसकी कीमत से अधिक बेचने में कामयाब हो जाऊंगा, वह मेरा होगा।' विवेक ने आगे कहा, 'मैं अपनी साइकिल पर घर-घर गया, अपने स्कूल बैग को माल से भरा। मैंने गलतियां की लेकिन बहुत कुछ सीखा। मैंने हर साल इसे जारी रखा। जब मैं 15 साल का था, तब मैंने अपने खुद के विचार विकसित करना शुरू कर दिया और शेयर बाजार में कदम रखा। मैंने छोटे-छोटे उद्यमी परियोजना शुरू की।' उन्होंने 19 साल की उम्र में एक टेक कंपनी की स्थापना की और 22 साल की उम्र में इसे मुनाफे पर बेच दिया। विवेक ने कहा, 'तभी मुझे एहसास हुआ कि एक कंपनी स्थापित करना, उसे किसी एमएनसी को बेचना और निवेशकों और खुद दोनों को पैसे कमाने में मदद करना संभव है।'

राज कपूर के खिलाफ खेले थे शम्मी कपूर, दिलीप कुमार को देख वहीदा रहमान का ऐसा था रिएक्शन

बॉलीवुड का 62 साल पुराना क्रिकेट मैच का वीडियो वायरल

नई दिल्ली। क्रिकेट के फैंस की कमी तो बॉलीवुड में भी नहीं है। फिल्मी दुनिया की हस्तियों का ये खेल तब से फेवरेट है जब सिनेमा भी कलरफुल नहीं हुआ था। उस दौर में भी फिल्मी सितारे आपस में फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला करते थे। जिसमें फिल्म इंड्स्ट्री के सभी छोटे बड़े कलाकार खेल का हिस्सा बनते थे। और फिल्मी दुनिया की हसीनाएं उनकी हौसलाफजाई के लिए दर्शक दीर्घा में दिखाई देती थीं। ऐसे ही एक मैच का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सारे दिग्गज फिल्म कलाकार दिखाई दे रहे हैं। ये मुकाबला दो पक्के दोस्तों की टीमों के बीच हुआ। खास बात ये है कि भाई ने भाई के खिलाफ दूसरी टीम से मैच खेला।

भाई के खिलाफ भाई...

सुहाना दौर नाम के इंस्टाग्राम हैंडल ने ये वीडियो शेयर किया है। जिस पर वीडियो कैप्शन है कि ये साल 1962 में बहुआ वेटर्सन आर्टिस्टों का चैरेटी मैच है। इस चैरेटी मैच में दो टीमें थीं। एक टीम दिलीप कुमार की और दूसरी टीम राज कपूर की। शेयर हुए वीडियो में जो आवाज सुनाई दे रही है, वो आवाज राज मेहरा की है। जो बता रहे हैं कि इस खेल के लिए राज कपूर, शशि कपूर, शम्मी कपूर, दिलीप कुमार, प्राण, मुकरी, ओम प्रकाश, आनंद राज, विजय राज, मनोज कुमार जैसे कई सितारे मैदान में उतरे हैं। खास बात ये है कि शम्मी कपूर भाई राज कपूर की टीम से मैच नहीं खेलते, बल्कि वो दिलीप कुमार की टीम का हिस्सा बने हैं। इस चैरिटी मैच को देखने बहुत सी एक्ट्रेस भी आई हैं। जिसमें वहीदा रहमान, नंदा, शोभा खोटे जैसी अदाकाराएं शुमार हैं। दिलीप कुमार को मैदान में आते देख वहीदा रहमान खुशी से ताली बजाती दिख रही हैं। और वहीं जब राज कपूर की टीम मैच का टॉस जीत लेती है तब नंदा जोर-जोर से तालियां बजाते दिख रही हैं।

56 साल बाद फिर रिलीज हुई 'पड़ोसन', महमूद और किशोर कुमार की कॉमेडी देख लोटपोट हुए थे दर्शक...

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्मों की लिस्ट में सायरा बनो और सुनील दत्त की 'पड़ोसन' भी शामिल है। ये फिल्म साल 1968 में रिलीज हुई थी। 'पड़ोसन' फिल्म हाल ही में एक बार फिर से रिलीज की गई है। इस फिल्म को इसी महीने 13 सितंबर को भारत के कई सिनेमाघरों में री-रिलीज किया गया है। इस फिल्म को फिर से थिएटर में देखकर फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, 'पड़ोसन' की मेन लीड यानी सायरा बानो भी मूवी के फिर से रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है 'पड़ोसन'

महमूद और एन.सी.सिप्पी निर्माताफिल्म 'पड़ोसन' एक रोमांटिक-कॉमेडी मूवी है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। फिल्म में एक तरफ जहां सायरा बानो और सुनील दत्त की एक्टिंग को पसंद किया गया था। वहीं, दूसरी तरफ महमूद और किशोर कुमार की कॉमेडी ने फिल्म में जान डाल दी थी। इसके गाने भी काफी हिट हुए थे। 'पड़ोसन' के कई गाने ऐसे हैं, जिन्हें लोग आज भी सुनना और गुनगुना पसंद करते हैं।

सायरा बानो हुईं इमोशनल

'पड़ोसन' के फिर से सिनेमाघरों में रिलीज को लेकर सायरा बनो बेहद खुश और इमोशनल हैं। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म से जुड़े कुछ किस्से भी शेयर किए थे। इस पोस्ट में दिग्गज अदाकारा ने लिखा था, 'मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मेरे दिल के बेहद करीब फिल्म पड़ोसन को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। यह फिल्म न केवल मेरे लिए सबसे प्यारी है बल्कि सिनेमाई इतिहास का एक अनमोल हिस्सा है। मुझे लगता है कि नई पीढ़ी को यह जरूर देखना चाहिए। यह दत्त साहब, महमूद भाई, किशोर जी चार-चांद लगा दिया था।' इसके साथ ही सायरा ने फिल्म के सभी कलाकारों का दिल से शुक्रिया अदा किया।

खबर संक्षेप

चावल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में रही 20% तेजी

नई दिल्ली। चावल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को भारी तेजी हुई और इस दौरान कोहिनूर फूड्स के शेयर 20 फीसदी चढ़ गई। सरकार ने बासमती चावल पर 950 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) हटा दिया है, जिसके चलते यह तेजी हुई। चमन लाल सेतिया एक्सपोर्ट्स में 5.92 फीसदी की तेजी आई।

आर पावर को मिला बैटरी ऊर्जा भंडारण अनुबंध

नई दिल्ली। रिलायंस पावर को नीलामी के जरिये 500 मेगावाट का बैटरी भंडारण अनुबंध मिला है। इस नीलामी का आयोजन सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) ने किया था। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह नीलामी 11 सितंबर, 2024 को हुई। यह सेकी की देश में ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने की पहल का हिस्सा है।

एक्सिस बैंक ने संपत्ति प्रबंधन सेवाओं का किया विस्तार

नई दिल्ली। एक्सिस बैंक ने सोमवार को कहा कि उसका निजी बैंकिंग व्यवसाय बरगंडी प्राइवेट अपनी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं का विस्तार 15 नए शहरों में करेगा। नए स्थानों में भुवनेश्वर, पटना, रायपुर, आगरा, गाजियाबाद, जोधपुर, उदयपुर, जालंधर, मेरठ, बेलगाम, कोझीकोड, तिरुवनंतपुरम, औरंगाबाद, नागपुर और गांधीधाम शामिल हैं।

नई परियोजना से इरोस ग्रुप को 900 करोड़ राजस्व की उम्मीद

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी इरोस ग्रुप को प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में अपनी नई आवासीय परियोजना से लगभग 900 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। कंपनी ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अपनी नई आवासीय परियोजना 'इरोस संपूर्णम 3' शुरू की है, जिसमें कुल 726 इकाइयां शामिल हैं।

संवर्धन मदरसन आरईई में 11 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा बनाने वाली प्रमुख कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड ने कहा कि वह इजरायल की आरईई ऑटोमोटिव लिमिटेड में 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एमएसएसएल कंसॉलिडेटेड इंक के जरिये आरईई ऑटोमोटिव लिमिटेड में यह हिस्सेदारी लेगी।

भारत एआई से लाभ उठाने को अच्छी स्थिति में : मेटा इंडिया

नई दिल्ली। भारत कृत्रिम मेधा (एआई) की वजह से आने वाली नई नौकरियों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने यह उम्मीद जताई है। उनका पक्का भरोसा है कि एआई अब भारत के लिए नए अवसरों के रास्ते खोलेगा। देवनाथन ने एआई और नौकरियों पर इसके प्रभाव के बारे में चल रही बहस पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि भारत एआई के साथ आने वाली नयी नौकरियों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।'

दुनिया की बेस्ट कंपनियों में शामिल हुई नादर की आईटी कंपनी एचसीएलटेक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और कॉरपोरेट की बात जब भी होती है तो मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज, रतन टाटा के टाटा ग्रुप और गौतम अदाणी के गौतम अदाणी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि ग्लोबल लेवल पर भी इन कारोबारी घरानों का डंका बजता है। टाइम मैग्जीन ने देश के बड़े दानवीर की कंपनी को दुनिया की बेस्ट टॉप 10 कंपनियों में शुमार किया है। देश के बड़े दानवीरों में से एक शिव नादर की आईटी कंपनी एचसीएलटेक को टाइम मैगजीन ने 2024 में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों की सूची में भारत की टॉप कंपनी का दर्जा दिया है।

- मैग्जीन ने देश के बड़े दानवीर की कंपनी को बेस्ट टॉप कंपनियों में किया शुमार

टाइम मैग्जीन की ताजा सूची में रिलायंस, टाटा व अदाणी का नाम नहीं

शिव नादर की नेटवर्थ

मौजूदा समय में शिव नादर देश के चौथे सबसे अमीर कारोबारी हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के आंकड़ों के अनुसार शिव नादर की मौजूदा नेटवर्थ 41.6 अरब डॉलर है। मौजूदा साल में उनकी कुल दौलत में 7.67 अरब डॉलर का इजाफा देखने को मिला है। अगर बात ग्लोबल लेवल की करें तो शिव नादर दुनिया के 37वें सबसे अमीर कारोबारी हैं। उनसे ऊपर मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी और शापूर मिस्त्री हैं। शिव नादर की देश के बड़े दानवीरों में गिनती होती है। रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में शिव नादर ने 2042 करोड़ रुपए का दान दिया था।

प्रोफेशनल सर्विस कैटेगरी में मिला स्थान : नोएडा स्थित इस कंपनी ने प्रोफेशनल सर्विस कैटेगिरी में ग्लोबल टॉप 10 लिस्ट में भी स्थान हासिल किया है। एचसीएलटेक के कॉरपोरेट कार्य के सीओओ राहुल सिंह ने कहा कि यह सम्मान एचसीएलटेक की एक्सीलेंस और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

तीन मानदंडों पर परखा गया

सिंह ने कहा, यह उद्योग में हमारे नेतृत्व और एक टॉप इंप्लॉयर के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि कंपनी कर्मचारी कैपेसिटी को बढ़ाने, समुदाय और सामाजिक जिम्मेदारी पहल को आगे बढ़ाने और स्थिरता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समर्पित है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों की 2024 की सूची कर्मचारी संतुष्टि, राजस्व वृद्धि और स्थिरता के मापदंडों पर आधारित है।

कितनी बड़ी है कंपनी

एचसीएल टेक्नोलॉजी देश की बड़ी आईटी कंपनियों में से एक है। जिसकी वैल्यूएशन 4.91 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। शेयर बाजार बंद होने तक कंपनी का शेयर मात्र 2 रुपए की गिरावट के साथ 1811 रुपए पर बंद हुआ। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान 1823.55 रुपए के दिन के हाई पर पहुंचा। कंपनी का शेयर आज सुबह मामूली इजाफे के साथ 1816.05 रुपए पर ओपन हुआ था। मौजूदा समय में एचसीएल टेक देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। एचसीएल से ऊपर टीसीएस और इंफोसिस है। जिनकी वैल्यूएशन क्रमशः 16 लाख करोड़ और 8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता कम कर रहे

भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं, विदेशी बाजारों में मिल रही तरजीह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने कहा है कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं है और इन्हें अब विदेशों में तरजीह मिल रही है। विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता कम कर रहे हैं और आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत के रूप में भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा कि इसको देखते हुए वैश्विक स्तर पर विभिन्न चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं का निर्यात पांच से आठ तक प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

विदेश से आर्डर की स्थिति अच्छी

फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बातचीत में कहा, "विदेशों से ऑर्डर की स्थिति बहुत अच्छी है। इंजीनियरिंग, चमड़ा, कपड़ा, रसायन जैसे क्षेत्र अच्छा कर रहे हैं। दूसरी बात, विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता कम कर रहे हैं और आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत के रूप में भारत को तरजीह दे रहे हैं।

फियो ने निर्यात पांच से आठ फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद जताई

बैंक कर्ज का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा, "निर्यात ऋण वृद्धि का देश के बढ़ते निर्यात के साथ तालमेल नहीं है। 2021-22 और 2023-24 के बीच रुपये के लिहाज से निर्यात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मार्च, 2024 में बकाया ऋण, मार्च, 2022 की तुलना में पांच प्रतिशत कम हो गया है।"

- आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में भारत को तरजीह
- निर्यात ऋण वृद्धि का देश के निर्यात से तालमेल नहीं
- भारत के पास विदेशों से ऑर्डर की स्थिति बहुत अच्छी है
- इंजीनियरिंग, चमड़ा, कपड़ा, रसायन जैसे क्षेत्र अच्छा कर रहे हैं

घरेलू शिपिंग लाइन शुरू करने की मांग

सहाय ने कहा, "सार्वजनिक क्षेत्र की शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हिस्सेदारी मात्र पांच प्रतिशत है। इसीलिए हमारी वैश्विक स्तर की घरेलू शिपिंग लाइन शुरू करने की मांग है। भले ही यह जिम्मा शिपिंग कॉरपोरेशन को दिया जाए या फिर कोई निजी कंपनी आये।" उन्होंने कहा, "हमने 2023 में माल ढुलाई के लिए 120 अरब डॉलर का भुगतान किया था।

ज्यादातर राशि समुद्री परिवहन में

इसमें ज्यादातर राशि समुद्री परिवहन मद में थी। यह लगभग 100 अरब डॉलर बैठती है। हम यह राशि हर साल भेज रहे हैं। ऐसे में अगर हम घरेलू शिपिंग लाइन विकसित करते हैं और वह 25 प्रतिशत भी कारोबार हासिल करती है, तो हम 25 अरब डॉलर की बचत कर सकते हैं।"

2023-24 में कुल निर्यात 776.68 प्रतिशत

इन सबको देखते हुए चालू वित्त वर्ष में निर्यात में पांच से आठ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।'बीते वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर था। वहीं 2022-23 में यह 776.40 और 451.07 अरब डॉलर था।

गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं

एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा, "गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं है। भारतीय उत्पादों को विदेशों में तरजीह मिल रही है। कपड़ा, कालीन, चमड़ा, रसायन जैसे उत्पादों के जो भी आयातक हैं, आपूर्ति के एक स्रोत के रूप में भारत को रखना चाहते हैं।" चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बैंक कर्ज में कमी, शिपिंग लाइन की समस्या और ब्याज छूट योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने की मांग जैसे कुछ मुद्दों का जिक्र किया।

सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर निफ्टी ने छुआ नया शिखर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 98 अंक की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी कारोबार के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहा।

विदेशी कोषों के निवेश के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार को तेजी मिली। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 97.84 अंक बढ़त के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई 82,988.78 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 27.25 अंक बढ़त के साथ 25,383.75 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विदेशी पूंजी का प्रवाह और घरेलू वृद्धि में स्थिरता की उम्मीद निवेशकों की धारणा को आशावादी बनाए रख सकती है। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.28 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा जबकि मिडकैप में 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा। जापान, चीन और दक्षिण कोरिया में अवकाश के कारण बाजार बंद रहा। यूरोपीय बाजारों में कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे।

- सेंसेक्स 82,988.78 अंक, निफ्टी 25,383.75 अंक पर हुआ बंद
- विदेशी कोषों ने बाजार में की खरीदी
- ऊर्जा और बैंक शेयरों में रही खरीदारी

अदाणी पावर और अदाणी ग्रीन में जोरदार तेजी

बीएसई पर अदाणी पावर का शेयर 5.12 प्रतिशत बढ़कर 666 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 5.12 प्रतिशत बढ़कर 668 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 7.59 प्रतिशत बढ़कर 681.55 रुपये पर पहुंच गया था। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी बीएसई पर 7.67 प्रतिशत बढ़कर 1,925 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसका भाव 7.59 प्रतिशत बढ़कर 1,924 रुपये रहा।

कृभको ने नोवोनेसिस के साथ की साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उर्वरक सहकारी संस्था कृभको ने वैश्विक जैव समाधान कंपनी नोवोनेसिस के साथ साझेदारी में सोमवार को 'कृभको राइजोसुपर' नामक जैव उर्वरक की पेशकश की। कंपनी का इरादा आगामी सर्दियों की फसल के मौसम के लिए इसे भारतीय किसानों को उपलब्ध कराना है। इस दानेदार उत्पाद, जिसकी कीमत 500-550 रुपये प्रति एकड़ होगी, में नोवोनेसिस के लिपो-चिटूलिगोसेकेराइड्स (एलसीओ) प्रमोटर तकनीक का उपयोग किया गया है। इसे चावल, गेहूं और दालों सहित विभिन्न फसलों पर, पौधों के शुरुआती विकास चरणों के दौरान लगाया जा सकता है जब जड़ें विकसित हो रही होती हैं। कृभको के प्रबंध निदेशक एम आर शर्मा ने कहा, "यह साझेदारी एक नए युग की शुरुआत करेगी, जहां भारतीय किसानों को अत्याधुनिक कृषि-जैव समाधानों तक पहुंच मिलेगी।"

- कृभको राइजोसुपर नामक नया जैव उर्वरक पेश किया

पांच वर्षों में दो अंकीय वृद्धि देखी

नोवोनेसिस के अनुसार, भारत में जैविक क्षेत्र ने पिछले पांच वर्षों में दो अंकीय वृद्धि देखी है, लेकिन बाजार में पैठ पांच प्रतिशत से नीचे बनी हुई है, जो जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संबंधी चिंताओं की बढ़ती चुनौतियों के बीच विस्तार के लिए महत्वपूर्ण गुंजाइश को दर्शाता है।

एलआईसी ने डिजिटल मंच के लिए इंफोसिस को चुना

नई दिल्ली। जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल मंच को अपनाकर अपने डिजिटल रूपांतरण को आगे बढ़ाने के लिए इंफोसिस को चुना है। आईटी सेवा कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस पहल के तहत ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण पर ध्यान दिया जाएगा। कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया। एक बयान के अनुसार, "इंफोसिस ने आज भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ अपने सहयोग की घोषणा की, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके।" सौदे के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

भारत से कलपुर्जे लेने के अवसर खुले: एटीआर

नई दिल्ली। यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि भारत एक प्रमुख बाजार है, जहां बहुत संभावनाएं हैं। एटीआर के लिए देश से कलपुर्जे लेने के लिए अवसर खुले हैं। एटीआर, यूरोपीय एयरोनॉटिक्स कंपनियों एयरबस और लियोनार्डो के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जो 78 सीटों वाले टर्बोप्रॉप और मालवाहक विमान बनाती है। इंडिगो और दो क्षेत्रीय एयरलाइन - अलायंस एयर और फ्लाइ91 - एटीआर विमानों का संचालन करती हैं, जिनका उपयोग क्षेत्रीय उड़ान संचालन के लिए किया जाता है। एटीआर के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी एलेक्सिस विडाल ने हाल ही में पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में बताया कि कंपनी भारत को मुख्य बाजार के रूप में देख रही है और देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क बेहद आशाजनक है।

- एटीआर एयरबल व लियोनार्डो के बीच एक संयुक्त उद्यम

बजाज हाउसिंग फाइनेंस बनी देश की सबसे मूल्यवान आवास वित्त कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सोमवार को शेयर बाजार में सूचीबद्धता के दिन ही करीब देश की सबसे मूल्यवान आवास वित्त कंपनी बन गई। बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के शेयर की बाजार में शुरुआत काफी अच्छी रही।

कंपनी का शेयर पहले दिन के कारोबार में 70 रुपये के निर्गम मूल्य से करीब 136 प्रतिशत चढ़कर 165 रुपये के भाव पर बंद हुए।

शेयर भाव में जोरदार तेजी आने से कारोबार के अंत में बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 1,37,406.09 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ ही बजाज हाउसिंग फाइनेंस देश की सबसे मूल्यवान आवास वित्त कंपनी बन गई।

- कंपनी का शेयर 136 फीसदी चढ़कर 165 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हुडको) 49,476.96 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस 37,434.54 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ तीसरे और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस 27,581.41 करोड़ रुपये मूल्यांकन के साथ चौथे स्थान पर है।

बजाज हाउसिंग फाइनेंस के 6,560 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन 11 सितंबर को 63.60 गुना अभिदान मिला था। निर्गम के लिए मूल्य दायरा 66-70 रुपये प्रति शेयर रखा गया था।

कंपनी वित्त मुहैया कराती है

अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है। यह फर्म आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की खरीद और नवीनीकरण के लिए वित्त मुहैया कराती है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया 'एक्सेसिबल लग्जरी' खंड में उतरेगी

गुरुग्राम। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अगले दो वर्षों में चार नयी ऊर्जा वाले वाहन पेश करने की योजना के साथ 'एक्सेसिबल लग्जरी' खंड में प्रवेश करेगी। कंपनी के मुख्य विकास अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि इसके लिए एक नयी खुदरा श्रृंखला 'एमजी सेलेक्ट' की स्थापना की जा रही है। 'एक्सेसिबल लग्जरी' में ऐसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद आते हैं, जो कीमत के लिहाज से सामान्य उत्पादों और अत्यधिक महंगे उत्पादों के बीच में होते हैं। कंपनी की योजना पहले साल में भारत के 12 शहरों में विशेष अनुभव वाले केंद्र स्थापित करने की है।

मर्सिडीज ने घरेलू बाजार में ईक्यूस 580 मॉडल उतारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लग्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज ने भारत में अपने बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन श्रृंखला का विस्तार करते हुए सोमवार को स्थानीय स्तर पर निर्मित ईक्यूएस 580 मॉडल को पेश किया। अमेरिका के बाहर पहली बार भारत में सात सीटों वाले इस इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल का उत्पादन शुरू हुआ है।

ईक्यूएस 580 4मेटिक मॉडल कंपनी का ईक्यूएस सेडान कार के बाद दूसरा वाहन है जिसे मर्सिडीज के पुणे संयंत्र में स्थानीय रूप से बनाया गया है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, यह भारत में हमारी छठी ईवी होगी और भारत में स्थानीय रूप से निर्मित होने वाली दूसरी कार होगी। हमें इस बात पर भी गर्व है कि भारत ईक्यूएस का स्थानीय रूप से निर्माण करने वाला अमेरिका के बाहर पहला बाजार बन गया है।

अय्यर ने कहा कि स्थानीय उत्पादन ने इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की कीमत को कम रखने में मदद मिली है। ईक्यूएस एसयूवी 580 4मैटिक की शोरूम कीमत 1.41 करोड़ रुपये से शुरू होती है।

- कंपनी ने भारत में इसका उत्पादन शुरू किया
- अमेरिका के बाहर पहली बार उत्पादन शुरू किया गया

500 से अधिक इकाइ बेच चुकी

कार विनिर्माता ने भारत में करीब 18 महीने पहले ईक्यूएस सेडान पेश की थी जिसकी वह अब तक 500 से अधिक इकाइयां बेच चुकी है।

सेबी की चेयरपर्सन माधबी के पति बुच का किया बचाव

बुच के समर्थन में उतरे गोदरेज कंज्यूमर के सीईओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुधीर सीतापति ने समस्याओं में घिरी बाजार नियामक सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के पति धवल बुच का बचाव किया है।

उन्होंने कहा कि जब सरकार और निजी क्षेत्र की दुनिया टकराती है तो यह उसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। धवल और माधबी को कंपनियों को परामर्श सेवाएं देने के मामले में हितों के टकराव के आरोप का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन पर उन्होंने लिखा है कि जब तक कंपनी जगत से आने वाले शीर्ष पेशेवरों के संदर्भ को नहीं समझा जाएगा, ऐसी स्थिति हो सकती है कि निजी क्षेत्र का कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति कभी भी सरकारी नौकरी पर विचार नहीं करेगा।

- कहा, सरकार व निजी क्षेत्र की दुनिया टकराती है तो उसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं

निजी क्षेत्र में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं : सीतापति ने कहा कि भारत इस समय बदलाव के दौर में है, ऐसे में निजी क्षेत्र में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं जिसका उपयोग सरकार कर सकती है। "हमें शायद हर निजी चीज के प्रति अपने पुराने समाजवादी पूर्वाग्रहों पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है।"

कंपनियों में धवल की मांग बनी हुई

सीतापति ने माधबी पुरी बुच के खिलाफ हाल के आरोपों में से एक पर अपनी राय साझा की। आरोप में कहा गया है कि सेबी प्रमुख के पति धवल बुच को प्रमुख कंपनियों से परामर्श कार्यों के लिए धन प्राप्त हुआ था। इसका साफ मतलब है कि यह सब सेबी ने उन पर जो उपकार किये, उसके बदले था। उन्होंने कहा, "मेरे लिए, आपूर्ति श्रृंखला के विशेषज्ञ के रूप में प्रमुख कंपनियों में उनकी मांग का बने रहना उनके प्रति भरोसे को बताता है....।"

निजी क्षेत्र की दुनिया अलग है

एक युवा प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपने अनुभव को याद करते हुए सीतापति ने कहा, "सरकारी और निजी क्षेत्र की दुनिया बहुत अलग इंजन पर चलती हैं। इसीलिए एक के लिए वेतन और संपत्ति बहुत अलग हैं। उन्होंने कहा कि जब उनका वेतन कैबिनेट सचिव से अधिक था, जो मेरे चाचा लगते थे, तब उन्होंने पूछा कि क्या वे अपनी नौकरियां बदल सकते हैं।

धवल की ईमानदारी के लिए प्रतिष्ठा अलग थी

सीईओ ने लिखा है, "मैं धवल बुच को 22 साल से जानता हूं। उन्हें तब से जानता हूं जब मैंने हिंदुस्तान यूनिलीवर में काम किया था। मैं उनसे काफी कनिष्ठ था, लेकिन अपनी ईमानदारी के लिए जानी जाने वाली कंपनी में ईमानदारी के लिए उनकी प्रतिष्ठा अलग थी।"

पीएम मोदी के जन्मदिन पर विशेष

पर्यावरण प्रेमी, टेक सेवी और फोटोग्राफी के शौकीन, विदेश नीति व ड्रेसिंग सेंस के लिए भी चर्चित

विदेशों से अब तक 21 सम्मान और सर्वोच्च सम्मान मिल चुके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। पीएम मोदी सोमवार को 74 साल के हो जाएंगे। इस पर भाजपा सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी। आजाद भारत में जन्म लेने वाले पहले प्रधानमंत्री की छवि ऊर्जावान, समर्पित, दूरदर्शी और दृढ़ निश्चय वाले राजनेता के तौर पर है। वेलगातार तीसरी बार केंद्र में पीएम पद संभाल रहे हैं।

26 मई 2014 को पहली बार पीएम बने

नरेंद्र दामोदर दास मोदी भारत के 14वें प्रधानमंत्री हैं। 26 मई 2014 को पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसी के साथ मोदी ने केंद्र में लगातार दो बार बहुमत के साथ गैर-कांग्रेसी सरकार बनाकर भारत की राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी है। साल 2024 में तीसरी बार भी पीएम की शपथ ली। हालांकि, इस पर भाजपा नेतृत्व एनडीए के सहयोगी दल के समर्थन से पीएम बने हैं।

भारत भ्रमण किया

पीएम मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में एक गुजराती परिवार में हुआ। उनकी मां का नाम हीराबेन और पिता का नाम दामोदर दास मूलचंद मोदी था। बचपन में वे चाय बेचने में पिता की मदद करते थे और बाद में खुद का चाय का स्टॉल भी चलाया। मोदी ने स्कूली शिक्षा वडनगर से ही पूरी की। फिर घर छोड़ा और भारत भ्रमण किया। घर लौटे तो 1968 में जशोदाबेन से उनकी शादी हो गई। हालांकि, जल्द ही वे विवाह से अलग हो गए।

मोदी की जन कल्याणकारी योजनाएं

स्वच्छ भारत अभियान ,मेक इन इंडिया, नमामि गंगे, जनधन योजना डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पीएम मुद्रा योजना, उजाला योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजन, अटल पेंशन योजना, स्मार्ट सिटी पहल, अमृत योजना, स्टार्टअप इंडिया सेतु भारतम योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना।

8 साल की उम्र में संघ के संपर्क में आए

जब मोदी 8 साल के थे, तब आरएसएस के संपर्क में आए। वे 20 साल की उम्र में आरएसएस के प्रचारक बन गए। संगठन में लंबे समय तक रहने के बाद भाजपा में शामिल हुए और फिर राजनीति में कदम रखा। वे भारतीय सेना में सेवा करना चाहते थे। जल्द ही गुजरात के सीएम बने और लगातार 13 साल तक सीएम की कुर्सी पर रहने का रिकॉर्ड बनाया। केंद्र की राजनीति में कदम रखा तो 2014 में वाराणसी से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे और देश के 14वें प्रधानमंत्री बने।

मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत

2019 के चुनाव में 543 में 303 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत से दोबारा सरकार बनाई।

2014 के लोकसभा चुनाव में 543 में से 282 सीटें जीतकर केंद्र में सरकार बनाई।

2024 के लोकसभा चुनाव में 543 में से 240 सीटें जीतकर केंद्र में गठबंधन की सरकार बनाई।

मोदी का राजनीतिक सफर

2019: 30 मई को नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार पीएम पद की शपथ ली।

2019: 23 मई को लगातार दूसरी बार वाराणसी से सांसद चुने गए।

2014 : 26 मई को मोदी ने भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वे आजादी के बाद पैदा हुए पहले प्रधानमंत्री बने।

2012: दिसंबर में भाजपा फिर गुजरात में बहुमत से जीती। मोदी ने लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

2007: 23 दिसंबर को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली।

2002: दिसंबर में दूसरी बार गुजरात के सीएम बने।

2001: 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात के सीएम पद की शपथ ली।

1995:भाजपा के राष्ट्रीय सचिव चुने गए।

1996 : मोदी को भाजपा के महासचिव के रूप में पदोन्नत दिया गया।

1990: 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की राम रथयात्रा और 1991 में मुरली मनोहर जोशी की एकता यात्रा आयोजित करने में मदद की।

1987: भाजपा में शामिल हुए और गुजरात इकाई के महासचिव बनाए गए।

---

30 हजार से अधिक नए घरों के निर्माण को मंजूरी दी और किस्त भी जारी

पीएम मोदी ने अहमदाबाद में कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी

8,000 करोड़ की परियोजनाओं को किया समर्पित, गरीबों को सौंपी आवास की चाबी

हम सभी के लिए बेहतर जिंदगी की व्यवस्थाएं जुटाने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 8,000 करोड़ रुपए से अधिक है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उन घरों को लाभार्थियों को सौंपा, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 30 हजार से अधिक नए घरों के निर्माण को मंजूरी दी और इसके लिए पहली किस्त जारी की। पीएम मोदी ने देश की पहली वंदे मेट्रो को भुज से अहमदाबाद के लिए रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने कई वंदे ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, जिनमें नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली और पहली 20 कोच वाली ट्रेनें शामिल हैं।

100 दिन के इन फैसलों में हर वर्ग के कल्याण की पक्की गारंटी

उन्होंने कहा कि 100 दिन के इन फैसलों में देश के हर नागरिक, हर परिवार, हर वर्ग के कल्याण की गारंटी पक्की हो गई है। इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं पर काम शुरू हुआ है। चुनाव के दौरान मैंने 3 करोड़ नए घर बनाने की गारंटी देश को दी थी, इस गारंटी पर तेजी से काम हो रहा है। गांव हो या शहर, हम सभी के लिए बेहतर जिंदगी जीने की व्यवस्थाएं जुटाने में लगे हैं। पीएम ने कहा कि हर कोई आज गणेश उत्सव मना रहा है। मिलाद-उन-नबी भी मनाया जा रहा है। देशभर में कई त्योहार मनाए जा रहे हैं। इन उत्सवों के समय में विकास का उत्सव भी जारी है।

उत्सव के इस समय में 'भारत के विकास का उत्सव' भी निरंतर जारी है...

पीएम मोदी ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उत्सव के इस समय में भारत के विकास का उत्सव भी निरंतर जारी है। अभी यहां से करीब 8,500 करोड़ रुपऐ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें रेल, रोड और मेट्रो जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम का संकल्प दिलाकर आप ही लोगों ने मुझे दिल्ली भेजा है। मैंने लोकसभा चुनाव के दरमियान आप सभी को और देशवासियों को एक गारंटी दी थी। मैंने कहा था कि तीसरे टर्म के पहले 100 दिन में देश के लिए अभूतपूर्व फैसले लिए जाएंगे।

दुनिया की तीसरी इकोनॉमी का संकल्प पूरा करेंगे

भारत की जनता देश को तेजी से विश्व की टॉप 3 इकोनॉमी में पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रही हैं। यह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे एक्शन प्लान का हिस्सा है। भारत इस ओर तेजी के साथ कदम बढ़ा रहा है।

.... तब भी गुजरात में सैकड़ों मेगावाट के सोलर प्लांट लगे

पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की धरती पर श्वेत क्रांति का उदय हुआ। मधु क्रांति का उदय हुआ और सूर्य क्रांति का उदय हुआ है। गुजरात भारत का वह राज्य है, जिसने भारत में सबसे पहले अपनी सोलर पावर पॉलिसी बनाई। पहले गुजरात में पॉलिसी बनी इसके बाद हम राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़े। जिस समय भारत में सोलर पावर की बहुत चर्चा भी नहीं थी, गुजरात में सैकड़ों मैगावॉट के सोलर प्लांट लग रहे थे।

मुख्यमंत्री ने 5वीं बार बुलाया

ममता से मिलने पहुंचे आंदोलनकारी डॉक्टर्स अपनी पांच मांगों पर अड़े रहे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या की घटना के बाद प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर गतिरोध सुलझाने के मकसद से बैठक के लिए एक बार फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंचे। सीएम आवास पर आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच बैठक की। करीब 30 डॉक्टर शाम करीब 6.20 बजे मुख्यमंत्री बेनर्जी के आवास पर पहुंचे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ये बैठक शाम पांच बजे होनी थी।स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय 'स्वास्थ्य भवन' के बाहर अपने धरना स्थल से बैठक के लिए रवाना होने से पहले प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा कि बैठक का विवरण रिकॉर्ड करने के लिए उनके साथ दो पेशेवर स्टेनोग्राफर भी साथ थे। उन्होंने कहा कि वे अपनी पांच मांगों से कम पर नहीं मानेंगे, जो वे पहले ही सरकार के समक्ष रख चुके हैं।

डॉक्टरों ने रखी ये मांगें

चिकित्सकों ने नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद सबूतों को 'नष्ट' करने के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने और उन्हें सजा देने की मांग की है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम के इस्तीफे, स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बेहतर सुरक्षा और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 'धमकी की संस्कृति' को समाप्त करने की भी मांग की है।

गतिरोध खत्म करने की कवायत

पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मामले में गतिरोध समाप्त करने के लिए आंदोलनकारी चिकित्सकों को बातचीत के लिए शाम को मुख्यमंत्री आवास पर फिर से आमंत्रित किया था। आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने सीएम के साथ बैठक में शामिल होने को लेकर हामी भरी थी।

खबर संक्षेप

मेरे नाम पर स्कैम! प्लीज टिकट न खरीदें

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं। फैंस उनकी एक झलक पाने बेताब रहते हैं। कई बार वे आसानी से ठगी के भी शिकार हो जाते हैं। सलमान को लेकर लगातार फर्जी तरीके से लोगों को ठगने की कोशिश की जाती है। उन्होंने ठगी से बचने की सलाह दी है।

पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा सनकी पति

मधेपुरा। बिहार के मधेपुरा में एक शख्स ने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। उसे बैग में रखकर थाने जा रहा था। बैग से बहता हुआ खून देखकर पुलिस ने उसे रोक लिया। जब बैग की तलाशी ली। तो उसमें एक सिर मिला।

पीठाधीश्वर पीड़ित परिवार संग धरने पर बैठ गए

अमेठी। सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर एक परिवार संग धरने पर बैठ गए और आत्मदाह की चेतावनी दी। अमेठी जिले के बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी मौनी महाराज साधु-संतों के साथ एक गांव में पहुंचकर रास्ते की समस्या से जूझ रहे पीड़ित परिवार के साथ धरने पर बैठ गए।

राजस्थान के बारां में ईद-ए-मिलाद पर बवाल

तय रूट के विपरीत जाने पर बढ़ा विवाद

जुलूस के दौरान पुलिस और मुस्लिम समुदाय के लोग भिड़े

एजेंसी ▶▶ बारां

राजस्थान के बारां शहर में सोमवार दोपहर को जुलूस के रास्ते को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मुस्लिम समुदाय के लोग तय रूट के विपरीत महाराणा प्रताप चौराहे के चक्कर लगाकर जाना चाहते थे। प्रशासन ने भीड़ को रोक दिया। इस बात को लेकर पुलिस और मुस्लिम समुदाय के बीच बहस हो गई। मुस्लिम समुदाय महाराणा प्रताप चौराहे के चक्कर लगाने को लेकर अड़ गया था जिसे लेकर पुलिस ने मना कर दिया। हालांकि पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया। जब पुलिसकर्मियों ने जुलूस में शामिल लोगों से तय रूट पर आगे बढ़ने की अपील की तो उनमें से कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। इसको लेकर जब पुलिस की ओर से कठोरता दिखाई गई तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बताया जा रहा है कि जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई भी की।

2 दिन पहले ही शाहपुरा में किया था पथराव

दो दिन पहले ही राजस्थान के शाहपुरा जिले में जलझूलनी एकादशी के मौके पर पीतांबर राय महाराज के (बेवाण) जुलूस पर पथराव हुआ था, जिसके बाद इलाके में तनाव फैल गया। पथराव में एक महिला समेत कई युवकों के चोट आई थीं।

भाजपा के रहते आरक्षण खत्म नहीं हो सकता: मेघवाल

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि जब तक भाजपा है तब तक कोई आरक्षण को छू भी नहीं सकता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका में बैठकर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रहे हैं। उनका असली एजेंडा आरक्षण को समाप्त करना है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को डराते हुए कहा कि भाजपा अगर तीसरी बार आ जाएगी तो संविधान खत्म कर देगी।

उपराष्ट्रपति धनखड़ की नसीहत

'सीबीआई को पिंजरे का तोता' पर बोले

'अहम' संस्थानों के बारे में टिप्पणी पर सचेत रहें, मनोबल नहीं गिराना चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को मुंबई में एक आयोजन के दौरान कहा कि चुनाव आयोग और जांच एजेंसियां मुश्किल हालातों में काम करते हैं। इनके बारे में कोई भी टिप्पणी करना उनके मनोबल को गिराने वाला हो सकता है। किसी को भी देश के अहम संस्थानों के बारे में टिप्पणी करने को लेकर सचेत रहना चाहिए। ये संस्थाएं कठिन माहौल में कानून के अंतर्गत काम करती हैं। इन संस्थाओं को हर तरह की गड़बड़ियों पर नजर रखनी होती है। रविवार को ही एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई पर टिप्पणी की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा था

बेंच में शामिल जज ने कहा था कि सीबीआई को किसी भी दबाव से मुक्त होकर काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर सुनवाई करते जस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा था कि एजेंसी को पिंजरे के तोते वाली छवि से बाहर निकलना चाहिए।

संवेदनशील मुद्दों को हवा नहीं देनी चाहिए

धनखड़ ने कहा कि सभी संस्थाओं को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए साथ मिलकर काम करना होता है। उनका एक ही उद्देश्य होता है कि लोगों को उनके सारे अधिकार मिल सकें। इसलिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को हवा नहीं देनी चाहिए।

जम्मू के किश्तवाड़ में चुनाव प्रचार के दौरान गरजे गृह मंत्री शाह

शाह ने रैली में कांग्रेस और नेकां को कोसा

मोदी सरकार के रहते आतंकवाद फैलाना नामुमकिन

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किश्तवाड़ में एक रैली की। इस दौरान शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने 370 को लेकर भी सरकार का स्टैंड क्लियर किया। उन्होंने नेकां और कांग्रेस पर 'अपने परिवार की सरकार' बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे जम्मू कश्मीर में सत्ता में नहीं आ सकते। राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की ओर धकेलना चाहते हैं।

कांग्रेस, नेकां आतंकियों की रिहाई का वादा कर रहे

शाह ने कहा कि एक बार फिर यहां आतंकवाद के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश की जा रही है। एनसी और कांग्रेस ने तो यहां तक वादा किया है कि अगर वे सत्ता में आए तो इन आतंकवादियों को रिहा कर देंगे। लेकिन मैं आज आपको भरोसा दिलाता हूं कि जब तक नरेंद्र मोदी की सरकार (केंद्र में) है, कोई भी भारत की धरती पर आतंकवाद फैलाने की हिम्मत नहीं कर पाएगा।

370 को बताया इतिहास

शाह ने दोहराया कि अनुच्छेद 370, जो जम्मू और कश्मीर को 'विशेष दर्जा' देता था। अनुच्छेद-370 इतिहास बन गया है, वापस नहीं आ सकता। अगर अनुच्छेद 370 वापस लाया जाता है तो इससे गुर्जरों और पहाड़ियों को दिया गया आरक्षण समाप्त हो जाएगा।

आतंकवाद को ऐसे दफन करेंगे कि कभी नहीं उभरेगा

शाह ने कहा कि आतंकवाद को उस स्तर तक दफनाने का संकल्प लिया है कि वह फिर न लौट पाए। उन्होंने कहा कि आज मैं इस क्षेत्र के सभी शहीदों को याद करता हूं और वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इस तरह खत्म कर देंगे कि यह फिर कभी नहीं उभरेगा।

35 साल जला जम्मू-कश्मीर, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

रामबन। शाह ने कहा कि यह चुनाव दो तत्वों के बीच है। एक तरफ वे लोग हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर को आतंकी आग में झोंकने का काम किया है। राजनीतिक फायदे के लिए 35 सालों तक जम्मू-कश्मीर को जलाया गया। 40,000 से ज्यादा लोग शहीद हो गए। मैं राहुल गांधी और फारुख अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं, इतने सालों तक जम्मू-कश्मीर जलता रहा, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

जदयू की बैठक में खटपट

बिजेंद्र भड़के, हम पार्टी में नहीं, काहे हमको बुलाए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र यादव ने जेडीयू की बैठक से पहले पार्टी में होने से इनकार कर दिया है। यादव ने जदयू कार्यालय में कहा कि वे जेडीयू में नहीं हैं। यह घटना पार्टी की संगठनात्मक बैठक से पहले हुई है, जिसमें पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के फोटो वाले बैनर में यादव की तस्वीर नहीं थी। जेडीयू की यह अहम बैठक लोकसभा चुनाव के बाद हो रही है, जिसमें पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। बैठक का उद्देश्य आगामी

विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाना है। यादव के इस बयान से पार्टी में नाराजगी की खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि बिजेन्द्र यादव पार्टी कार्यालय में लगे बैनर पर अपनी तस्वीर न देखकर नाराज हो गए थे। उन्होंने कहा कि हम जनता दल (यूनाइटेड) में नहीं हैं, काहे हमको बुलाए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)